# FOCUS NEWS
# फोकस न्यूज

facebook.com/fnind
twitter.com/fnind
focusnewsindia.blogspot.in

www.focusnews.co.in
+focusnewsin

...आपका अपना अखबार

राष्ट्रीय संस्करण। नई दिल्ली। बुधवार 10 मई 2023। पंचमी, वैशाख मास, शुक्ल पक्ष। 2077 विक्रम संवत । पेज – 12 । मूल्य 2 रु । वर्ष : 10। अंक : 295


## मतदान से पहले मोदी का संदेश, कर्नाटक के प्रत्येक नागरिक का सपना, मेरा सपना



। कृष्णा अग्रवाल ।

**बेंगलुरु, फोकस न्यूज,** कर्नाटक विधानसभा चुनाव के तहत बुधवार को होने वाले मतदान से एक दिन पहले राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार की वापसी की पुरजोर वकालत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उन्हें पिछले कुछ दिनों में राज्य में अद्वितीय स्नेह मिला है और इससे सभी क्षेत्रों में राज्य को पहले नंबर पर पहुंचाने का उनका दृढ़ संकल्प और मजबूत हुआ है। उन्होंने कर्नाटक को देश का नंबर एक राज्य बनाने के 'अभियान' में जनता का आशीर्वाद भी मांगा। एक वीडियो संदेश के जरिए उन्होंने कहा, ''कर्नाटक के हर नागरिक का सपना, मेरा सपना है। आपका संकल्प, मेरा संकल्प है। हम साथ में आएं और एक लक्ष्य की ओर अपना ध्यान केंद्रित करें तो दुनिया की कोई ताकत हमें नहीं रोक सकती।'' चुनाव से पहले राज्य में 19 जनसभाओं को संबोधित कर चुके और छह रोड शो कर चुके मोदी ने कहा, ''मैं कर्नाटक को देश में नंबर एक राज्य बनाने के मिशन में आपका आशीर्वाद चाहता हूं।'' उन्होंने कहा, ''मेरी अपील कर्नाटक के उज्ज्वल भविष्य के लिए है। यह आपके परिवार, विशेष रूप से युवा पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए है।'' यह कहते हुए कि लोगों ने हमेशा उन पर प्यार और स्नेह की बौछार की है, मोदी ने कहा कि यह उनके लिए एक 'दिव्य आशीर्वाद' की तरह है। उन्होंने कहा, ''ए बारिया निर्धारा, बहुमाताड़ा बीजेपी सरकारा' (इस बार का फैसलाः बहुमत वाली भाजपा सरकार)। कर्नाटक के लोगों का यह आह्वान अभी भी मेरे कानों में गूंज रहा है।'' मोदी ने कहा कि 'आजादी का अमृत काल' में भारतीयों ने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है और कर्नाटक इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए आंदोलन का नेतृत्व (शेष पेज दो पर)

## राष्ट्रपति मुर्मू ने आठ कीर्ति चक्र, 29 शौर्य चक्र प्रदान किये



**नयी दिल्ली, फोकस न्यूज,** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कर्तव्य निवर्हन में अदम्य साहस एवं असाधारण पराक्रम प्रदर्शित करने के लिए थलस. ना और अर्द्धसैनिक तथा पुलिस बलों के कर्मियों को मंगलवार को आठ कीर्ति चक्र प्रदान किये। इनमें से पांच कर्मियों को यह पदक मरणोपरांत प्रदान किया गया है। यह शांतिकाल के लिए भारत का दूसरा सर्वोच्च वीरता पदक है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में 29 शौर्य चक्र भी सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और राज्य/केंद्र शासित प्रदेश पुलिस के कर्मियों को प्रदान किये। इनमें से पांच कर्मियों को यह पदक मरणोपरांत प्रदान किया गया। बयान के अनुसार, सीमा सुरक्षा बल में कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी, सुदीप सरकार, जम्मू कश्मीर पुलिस के कॉन्स्टेबल रोहित कुमार और तीन अन्य––छत्तीसगढ़ पुलिस के एक उपनिरीक्षक और दो हेड कांस्टेबल–– को मरणोपरांत कीर्ति चक्र प्रदान किया गया। राष्ट्रपति भवन ने एक ट्वीट में कहा, ''राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मेजर शुभांग, डोगरा रेजीमेंट, 62वीं बटालियन, राष्ट्रीय राइफल्स को कीर्ति चक्र प्रदान किया।'' उल्लेखनीय है कि शांतिकाल के लिए अशोक चक्र और कीर्ति चक्र के बाद शौर्य चक्र भारत का तीसरा सर्वोच्च वीरता पदक है।

### जी20 बैठक: गृह सचिव, आईबी प्रमुख ने कश्मीर का दौरा किया, सुरक्षा की समीक्षा की

केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला और गुप्तचर ब्यूरो के निदेशक तपन डेका ने इस महीने के अंत में होने वाली जी20 बैठक को लेकर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा के लिए मंगलवार को कश्मीर का दौरा किया।

### चेन्नई की नजरें प्लेआफ पर, जीत की लय कायम रखने उतरेगी दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग के प्रारंभिक चरण के आखिरी पड़ाव में प्लेआफ की रस्साकशी जोर पकड़ने लगी है और ऐसे में चेन्नई सुपर किंग्स नये आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बुधवार को एक और जीत के साथ अपनी स्थिति पुख्ता करना चाहेगी ।

### 12वीं के बाद करनी है इंजीनियरिंग, तो ये हैं यूपी के टॉप कॉलेज, मिलते हैं लाखों के पैकेज

आईआईटी कानपुर यूपी का ही नहीं, देश का एक प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेज है. आईआईटी कानपुर में एडमिशन जेईई एडवांस के जरिए होता है.

### शुगर पेशेंट्स की दुश्मन होती हैं ये सब्जियां... बड़ी खामोशी से बढ़ा देती हैं ब्लड शुगर, जान लें इनके नाम

सही खाना–पीना और डेली एक्सर्साइज करना बहुत जरूरी होता है. क्योंकि ये चीजें ब्लड शुगर को डायरेक्टली प्रभावित करती हैं. आपको बहुत अधिक कॉन्शियस रहकर अपनी डायट चुननी चाहिए क्योंकि ऐसा करके आप खुद को लंबे समय तक हेल्दी रख सकते हैं.

### 2800 करोड़ के मालिक हैं सलमान; फिर भी पहनते हैं फटा जूता, वजह कर देगी हैरान

सलमान खान सबसे अमीर ऐक्टरों में से हैं, लेकिन उनकी लाइफ स्टाइल की खबरें लोगों को हैरान करती हैं. वह अपने माता–पिता के साथ रहने के लिए उसी बिल्डिंग में दो कमरों के छोटे–से फ्लैट में रहते हैं.

### सचिन पायलट का गहलोत पर बड़ा प्रहार, सोनिया गांधी नहीं वसुंधरा राजे है सीएम की नेता

राजस्थान कांग्रेस में एक बार फिर से घमासान मच गया है। पार्टी के चल रही अंदरूनी कलह खुलकर सबके सामने आ गई है।

### आने वाले दिनों में आपके ट्विटर फॉलोअर्स की घट सकती है तादाद, एलन मस्क ने बताई वजह

आने वाले दिनों में आपके ट्विटर फॉलोअर्स की संख्या गिर सकती है। एलन मस्क ने खुद ट्वीट कर ये जानकारी दी है।

**सुविचार**

किसी भी चीज की
सुंदरता और शुद्धता,
देखने वाले की आँख पर
निर्भर करती है।

डॉक्टर – कहिए कैसे आना हुआ।
राजू– डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है।
डॉक्टर – शराब पीते हो?
राजू– हां-हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना

## हिमाचल : उप मुख्यमंत्री ने माता श्री चिंतपूर्णी से दिल्ली के लिए बस सेवा को हरी झंडी दिखाई



**ऊना, फोकस न्यूज,** 'हिमाचल पथ परिवहन निगम' (एचआरटीसी) में हाल ही में 11 और लग्जरी बसें शामिल की गई हैं जिससे वोल्वो बेड़े की कुल संख्या बढ़कर 76 हो गई है। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने माता श्री चिंतपूर्णी से दिल्ली के लिए बस सेवा को झंडी दिखाकर रवाना किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसों के शामिल होने से माता के मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और राज्य में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि टपरी–चंडीगढ़ हवाई अड्डे, शिमला–जयपुर, (शेष पेज दो पर)

## भारत, बांग्लादेश के गहरे संबंध; हमारे द्विपक्षीय संबंधों को कोई कमजोर नहीं कर सकता : शाह



**पेट्रापोल, फोकस न्यूज,** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत और बांग्लादेश आपस में जुड़ी संस्कृति और भाषा के इतिहास के साथ गहरे संबंध साझा करते हैं और कोई भी दोनों देशों के बीच अच्छे द्विपक्षीय संबंधों को कमजोर नहीं कर सकता। शाह भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के लिए पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में पेट्रापोल के दौरे पर थे। यह भारत–बांग्लादेश सीमा पर स्थित है। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा, ''भारत, बांग्लादेश के साथ गहरे संबंध साझा करता है। हमारी संस्कृति, धर्म, रीति–रिवाज और जीवन शैली हजारों वर्षों से आपस में जुड़ी हुई है। कोई भी बांग्लादेश के साथ हमारे संबंधों को कभी तोड़ (शेष पेज दो पर)

## सरबानंद सोनोवाल ने म्यामां में सितवे बंदरगाह का उद्घाटन किया



**नयी दिल्ली, फोकस न्यूज,** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और म्यामां के उप प्रधानमंत्री एडमिरल टिन आंग सान ने मंगलवार को संयुक्त रूप से म्यामां में सितवे बंदरगाह का उद्घाटन किया। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि इस दौरान दोनों नेताओं ने पहले भारतीय मालवाहक जहाज की अगवानी भी की। मालवाहक जहाज को श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह कोलकाता से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। इस जहाज के सितवे पहुंचने के साथ ही कोलकाता बंदरगाह और सितवे के बीच मालवाहक जहाजों का नियमित आवागमन शुरू हो जाएगा। बयान में कहा गया कि सितवे बंदरगाह के विकास से कोलकाता – अगरतला – आइजोल के बीच माल ढुलाई की लागत और समय में 50 प्रतिशत की कमी आएगी। बयान में सोनोवाल के हवाले से कहा (शेष पेज दो पर)

## EV Industry में अब दोगुनी रफ्तार से आएगी क्रांति, कश्मीर के बाद अब राजस्थान के इस जिले में मिला लिथियम का दूसरा भंडार



राजस्थान के नागौर जिले में स्थित डेगाना नगर पालिका में लिथियम के बड़े भंडार की खोज की गई है, इसके बारे में दावा किया जा रहा है कि लिथियम की क्षमता हाल ही में जम्मू और कश्मीर में पाए गए 5.9 मिलियन टन धातु से कहीं अधिक है। भारत वर्तमान में अपनी लिथियम जरूरतों के लिए विदेशी आयात पर निर्भर है। 2020 से 2021 में भारत ने 6,000 करोड़ रुपये के लिथियम का आयात किया था। लिथियम का उपयोग स्मार्टफोन, लैपटॉप और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए रिचार्जेबल बैटरी बनाने के लिए किया जाता है। 2030 तक भारत की सड़कों पर 13.92 लाख ईवी होने की उम्मीद है। भारत में लिथियम भंडार की खोज मौजूदा खनन के विकल्प के रूप में अच्छी खबर है। लिथियम–आयन (शेष पेज दो पर)

## सीईसी ने कर्नाटक के लोगों से बड़ी संख्या में वोट देने की अपील की



**नयी दिल्ली, फोकस न्यूज,** कर्नाटक में विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले, मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने मतदाताओं,खासकर पहली बार मतदाता बने युवाओं से मंगलवार को अपील की कि वे अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए बड़ी संख्या में घरों से निकलें। कर्नाटक में 5.3 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। इनमें 11.71 लाख वे लोग हैं जो पहली बार मतदाता बने हैं। कुमार ने युवा और शहरी मतदाताओं से 103 वर्षीय महादेव महालिंगा माली जैसे बुजुर्ग मतदाताओं से प्रेरणा लेने आग्रह किया और कहा कि वे राज्य में शहरी क्षेत्रों में मतदान को लेकर उदासीनता की प्रचलित प्रवृत्ति को गलत साबित कर "लोकतंत्र के उत्सव" में सक्रिय रूप से भाग लें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सीईसी कुमार ने बेलगावी जिले के निवासी माली की पिछले सप्ताह 'होम वोटिंग' सुविधा का उपयोग करके कर्नाटक विधानसभा चुनाव में अपना वोट डालने के लिए सराहना की है। कर्नाटक में 224 विधानसभा सीट हैं जहां 5.3 करोड़ से ज्यादा मतदाता हैं, जिनमें से 2.66 करोड़ पुरुष और 2.63 करोड़ महिलाएं हैं। कर्नाटक में 5.71 लाख दिव्यांग, 80 साल या इससे अधिक उम्र के 12.15 लाख और 100 वर्ष की आयु के 16 हजार से ज्यादा मतदाता पंजीकृत हैं।

## बिना बिजली के चलते हैं ये पखें, मात्र 600 रुपये में उठाए ठंडी हवा का मजा




गर्मियों में ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स के चलने से बिजली का बिल ज्यादा आने लगता हैं. ऐसे में घर में हर कमरे में पंखा चलने का मतलब है बिजली का बिल पहले की तुलना में ज्यादा आना. आपकी इस परेशानी को खत्म करने के लिए आज हम आपको कुछ ऐसे पंखो के बारे में बताएंगे जिनको लगाने के बाद आपकी बिजली के बिल की टेंशन बिलकुल खत्म हो जाएगी. दरअसल इन पंखों को चलाने के लिए बिजली की जरूरत नहीं पड़ती ये पंखें धूप में चार्ज होकर (सोलर एनर्जी) आपको घंटों तक ठंडी हवा का मजा देते हैं. यहां इन पंखों की कीमत से लेकर फीचर्स तक की पूरी जानकारी देखें. अगर आपको बिजली के बिल की टेंशन सताती रहती है तो अपने घर में इस पंखे को (शेष पेज दो पर)

## सिर्फ 9 लोग ही डोनेट कर सकते हैं ये Blood, दुनिया का सबसे दुर्लभ ब्लड ग्रुप



अभी तक आप 8 तरह के ब्लड ग्रुप के बारे में ही जानते होंगे, जिनमें A+, A-, B+, B-, O+, O-, AB+, AB– का नाम शामिल है. तो आप ये भी जानते होंगे कि AB– ब्लड ग्रुप दुर्लभ कैटेगरी में गिना जाता है. लेकिन आपका अनुमान गलत है! क्योंकि एक ऐसा ब्लड ग्रुप भी है, जो दुनिया केसिर्फ 45 लोगों के पास ही है यानी करीब 1 फीसदी से भी कम. इस ब्लड ग्रुप को गोल्डन ब्लड के नाम से जाना जाता है. इससे भी दिलचस्प बात ये है कि इस ब्लड को किसी भी ब्लड ग्रुप वाले व्यक्ति को दिया जा सकता है. किसी ब्लड ग्रुप के साथ यह आसानी से मैच भी हो जाता है. ये ब्लड ग्रुप उस इंसान की बॉडी से मिलता है, जिसका ति फैक्टर दनसस होता है.

**इन देशों के लोगों में मिलता है :** बता दें कि गोल्डन ब्लड अमेरिका, ब्राजील, कोलंबिया (शेष पेज दो पर)

**मतदान से...** (पेज एक का शेष) करने का इच्छुक है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और अगला लक्ष्य इसे शीर्ष तीन में पहुंचाने का है और यह तभी संभव है जब कर्नाटक तेजी से 1,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बने। उन्होंने कहा, ''आपने पिछले साढ़े तीन साल में 'डबल इंजन' वाली भाजपा सरकार के काम को देखा है। हमारी निर्णायक, केंद्रित और भविष्योन्मुखी नीतियां कर्नाटक की अर्थव्यवस्था के विकास को गति प्रदान कर रही हैं।''
उन्होंने कहा कि कोविड–19 महामारी के बावजूद कर्नाटक को भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में विदेशी निवेश के रूप में सालाना 99,000 करोड़ रुपये से अधिक प्राप्त हुए हैं जबकि पिछली सरकार के कार्यकाल में यह करीब 30,000 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि यह कर्नाटक की प्रगति और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मोदी ने कहा, ''हम कर्नाटक को निवेश, उद्योग और नवाचार में नंबर एक बनाना चाहते हैं। हम कर्नाटक को शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में नंबर एक बनाना चाहते हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार 'बीज से बाजार तक' की दृष्टि के साथ किसानों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नयी सिंचाई परियोजनाओं, भंडारण सुविधाओं का विस्तार, इथेनॉल सम्मिश्रण, नैनो यूरिया और ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ाते हुए भाजपा कर्नाटक को कृषि में नंबर एक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने कहा कि संपर्क को बढ़ावा देने के लिए 'डबल इंजन' सरकार द्वारा लिए गए फैसलों के जरिए 'जीवन की सुगमता', और 'व्यापार की सुगमता' को बढ़ावा मिला है और इनसे कर्नाटक को भारत का नंबर एक राज्य बनाने के लिए एक मजबूत नींव रखी गई है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की सांस्कृतिक विरासत ने हमेशा राष्ट्र के साथ–साथ उन्हें व्यक्तिगत रूप से भी प्रेरित किया है। इस क्रम में प्रधानमंत्री ने जगज्योति बसवेश्वर, नादप्रभु केम्पेगौड़ा, श्री कनकदास, ओनाके ओबाव्वा का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी विरासत से प्रेरणा लेकर भाजपा एक आधुनिक कर्नाटक बनाने के लिए काम कर रही है जो उन्हें गौरवान्वित करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार कर्नाटक में अगली पीढ़ी के शहरी बुनियादी ढांचे के निर्माण, परिवहन का आधुनिकीकरण करने, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने और महिलाओं और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने के लिए काम करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा, ''मैं कर्नाटक को देश का नंबर एक राज्य बनाने के मिशन में आपका आशीर्वाद चाहता हूं...मेरी अपील कर्नाटक के उज्ज्वल भविष्य के लिए है, यह आपके परिवार, विशेष रूप से युवा पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए है।''

**हिमाचल : उप...** (पेज एक का शेष) शिमला–श्रीनगर और शिमला–दिल्ली हवाई अड्डे सहित अन्य मार्गों पर भी बसें चलाई जाएंगी। इसके अलावा, राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि चिंतपूर्णी माता से खाटूश्याम जी, बाबा बालकनाथ जी से अमृतसर, बाबा बालकनाथ (दियोटसिद्ध) से दिल्ली के लिए भी बस सेवा प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि इन सभी बस सेवाओं की सभी औपचारिकताएं जल्द ही पूरी कर ली जाएंगी।

**भारत, बांग्लादेश...** (पेज एक का शेष) नहीं सकता है। भारत ने बांग्लादेश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बीएसएफ ने 1971 के मुक्ति संग्राम में एक प्रमुख भूमिका निभाई है।'' शाह ने पड़ोसियों के साथ संबंधों को मजबूत करने में भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2016–17 में प्राधिकरण के माध्यम से 18,000 करोड़ रुपये का व्यापार अब 30,000 करोड़ रुपये को पार कर गया है। उन्होंने पेट्रापोल में प्राधिकरण के दूसरे कार्गो प्रवेशद्वार 'मैत्री द्वार' की आधारशिला रखे जाने से संबंधित एक कार्यक्रम में कहा, ''भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है, बल्कि हमारी सीमाओं पर राष्ट्र के एक राजदूत के रूप में भी कार्य करता है। यह हमारे पड़ोसियों के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में मदद करता है।'' शाह ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने 2014 से सीमा के बुनियादी ढांचे और सम्पर्क में सुधार पर जोर दिया है।
उन्होंने कहा, ''हमारी नीति स्पष्ट है। हम कारोबार और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में मजबूत बुनियादी ढांचा और बेहतर संपर्क चाहते हैं।'' उन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा में बीएसएफ की भूमिका की सराहना की। शाह ने ट्वीट किया, ''चार संयुक्त चौकियों के उद्घाटन के साथ ही हमारा अजेय बीएसएफ आज और भी मजबूत हो गया है। अन्य परियोजनाओं के साथ दो आवासीय परिसरों और एक अधिकारी मेस का भी उद्घाटन किया गया, जिनकी लागत कुल 108.3 करोड़ रुपये है।" बीएसएफ के लिए शाह की प्रशंसा पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को अच्छी नहीं लगी। टीएमसी ने मवेशियों की तस्करी से निपटने में ढिलाई बरतने और सीमा पर रहने वाले लोगों पर ज्यादती करने का बीएसएफ पर बार–बार आरोप लगाया है। टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा, ''अमित शाह को सबसे पहले मणिपुर का दौरा करना चाहिए था, जो जातीय हिंसा की आग में झुलस रहा है। दूसरी बात, उन्होंने बीएसएफ की प्रशंसा की, (लेकिन) उन्हें पहले जवाब देना चाहिए कि बल की उपस्थिति में सीमा पार मवेशियों की तस्करी क्यों की जा रही है। सीबीआई ने पशु तस्करी में शामिल होने के आरोप में एक बीएसएफ अधिकारी को गिरफ्तार किया था।" टीएमसी नेता की टिप्पणी पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा, ''टीएमसी को यह तय नहीं करना चाहिए कि अमित शाह जी को क्या करना चाहिए या क्या नहीं और जहां तक पशु तस्करी घोटाले का मामला है,

# बिट्स पिलानी के मानव संचालित रोवर ने 'नासा चैलेंज' में शीर्ष पुरस्कार जीता

**नयी दिल्ली, (भाषा)** बिट्स पिलानी संस्थान के छात्रों द्वारा चंद्रमा और मंगल ग्रह पर अन्वेषण के लिए विकसित किए गए मानव संचालित रोवर को 'नासा ह्यूमन एक्सप्लोरेशन रोवर चैलेंज' (एचईआरसी) में शीर्ष पुरस्कार मिला है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बिट्स पिलानी के निदेशक सुधीर कुमार बरई ने राजस्थान के पिलानी परिसर में कहा कि यह कार्यक्रम अमेरिका के अलबामा के हंट्सविले में 'नासा मार्शल स्पेस फ्लाइट सेंटर' में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि टीम 'इंस्पायर्ड कार्टर्स ग्रेविटी' ने प्रतियोगिता में 'प्रोजेक्ट रिव्यू अवार्ड' के लिए शीर्ष स्थान हासिल किया। रोवर एक प्रकार का उपकरण होता है जिसका इस्तेमाल अन्य ग्रहों के अध्ययन और अन्वेषण के लिए किया जाता है।

**सिर्फ 9...** (पेज एक का शेष) और जापान के लोग के कुछ ही लोगों के पास है. कुल 45 गोल्डन ब्लड वाले लोगों में से 9 लोग ही खून डोनेट कर सकते हैं. यही कारण है कि इसे गोल्डन ब्लड ग्रुप के नाम से जाना जाता है. बता दें कि ये दुनिया का सबसे महंगा ब्लड ग्रुप है. गोल्डन ब्लड किसी इंसान को तो चढ़ाया जा सकता लेकिन इस ब्लड ग्रुप वाले लोगों के लिए ब्लड की जरूरत पूरी करने के लिए समस्याएं होती हैं.
**गोल्डन ब्लड का इतिहास:** पहली बार गोल्डन ब्लड साल 1961 में मिला था. गोल्डन ब्लड ऑस्ट्रेलिया की एक आदिवासी महिला के शरीर में पाया गया था. इस ब्लड में ति एंटीजेन्स नहीं होते है. ये एक तरह का प्रोटीन होता है, जो रेड ब्लड सेल्स की सतह पर प्रोटीन होता है.
**ब्लड ग्रुप का कारण:** मेडिकल एक्सपर्ट की मानें तो,म्युटेशन की वजह से गोल्डन ब्लड एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी के लोगों में ट्रांसफर होता है. कजिन भाई, भाई–बहन या किसी दूर के रिश्तेदार के बीच शादी होने की वजह से भी उनके बच्चों में गोल्डन ब्लड पाए जाने की संभावना हो सकती है. हेल्थ एक्सपट्र्स की मानें तो इस ब्लड ग्रुप के लोगों को हीमोग्लोबिन की कमी होती है. इसके अलावा, इल ब्लड ग्रुप वाले लोग एनीमिया का शिकार भी हो सकते हैं.


**बिना बिजली...** (पेज एक का शेष) लेकन आना बेस्ट ऑप्शन साबित होगा. पोर्टेबल फैन में आपको कई फीचर्स मिलते हैं, इस फैन को आप एक बटन से कंट्रोल कर सकते हैं. सोलर फैन को आप किचन,लीविंग रूम, ऑफिस से लेकर डायनिंग रूम तक में लगा सकते हैं. इसमें आपको 28D X 26W x 16H सेंटिमीटर्स का डायमेंशन मिलता है. इसकी ओरिजनल कीमत 599 रुपये है लेकिन आप इसे ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजन से 2 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ मात्र 589 रपये में खरीद सकते हैं. यानी केवल 589 रुपये में ठंडी हवा का मजा मिल जाएगा.
इस फैन की ओरिजनल कीमत 699 रुपये है लेकिन आप इसे अमेजन से 14 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 599 रुपये में आसानी से खरीद सकते हैं. इस फैन का लुक और कलर इसको काफी एलिगेंट बनाता है. इस फैन को खरीदने पर आपको इस फैन की मोटर की एक साल की वारंटी मिलती है.
**सोलर फैन क्यों है जरूरी?** : एक सोलर फैन एनवायरनमेंट फ्रैंडली है और आपके कार्बन एमिशन को कम करता है. हालांकि शुरुआत में इसका इंस्टालेशन महंगा जरूरत हो सकता है, लेकिन लंबे टाइम में ये सस्ता हो जाएगा क्योंकि ये यूटिलिटी ग्रिड से बिजली का इस्तेमाल नहीं करता है और एयर कंडीशनिंग कॉस्ट पर 30 प्रतिशत तक की बचत ऑफर कर सकता है.

**EV Industry में...** (पेज एक का शेष) बैटरी को असीमित रूप से रीसायकल किया जा सकता है और नए बैटरी पैक में डाला जा सकता है।
**लिथियम बेहद जरूरी धातु** : वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र से 2027–28 तक 3,000 GWH तक बैटरी बनाने की उम्मीद है। जम्मू और कश्मीर में नए लिथियम भंडार की खोज के कारण भारत एक महत्वपूर्ण ग्लोबल सप्लाई चेन स्टेकहोल्डर बन सकता है, जो कि अन्य जगहों की तुलना में बेहतर गुणवत्ता वाला होने का अनुमान है। इसकी पैदावार दो गुना अधिक है। इससे आने वाले समय में बेहतर लाभ देखने को मिलेगा। दरअसल, लिथियम एक ऐसी 'अलौह' धातु है जो किसी भी बैटरी में एक अहम घटकों में से एक है। इससे पहले, खान मंत्रालय ने कहा था कि उभरती तकनीकों के लिए महत्वपूर्ण खनिज सप्लाई चेन को मजबूत करने के लिए सरकार ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना से लिथियम सहित खनिजों को सुरक्षित करने के लिए कई सक्रिय उपाय कर रही है। वर्तमान में, भारत लिथियम (सपजीपनउ), निकल (दपबामस) और कोबाल्ट (बवइंसज) जैसे कई खनिजों के लिए आयात पर निर्भर है।
**फोन से लेकर सोलर पैनल तक लिथियम की जरूरत** : केंद्रीय भूवैज्ञानिक प्रोग्रामिंग बोर्ड की 62वीं बैठक में खनन सचिव विवेक भारद्वाज ने कहा कि चाहे वह मोबाइल फोन हो या सोलर पैनल, हर जगह महत्वपूर्ण खनिजों की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर बनने के लिए देश के लिए महत्वपूर्ण खनिजों का पता लगाना और उन्हें संसाधित करना बहुत जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर सोने का आयात कम किया जाता है, तो "हम आत्मनिर्भर बन जाएंगे।"

**सरबानंद सोनोवाल...** (पेज एक का शेष) गया है, ''इससे भारत और म्यामां के बीच व्यापार संपर्क और लोगों से लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा मिलेगा। सरकार की 'एक्ट ईस्ट' नीति के तहत पूर्वोत्तर की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।' उन्होंने सितवे बंदरगाह जैसी पहल के जरिये म्यामां के लोगों के विकास और समृद्धि के लिए भारत की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दोहराया। सितवे म्यामां के रखाइन प्रांत की राजधानी है और यहां का बंदरगाह भारत के सहयोग से विकसित किया गया है।

# भारत की यूरोपीय संघ से छोटे उद्यमों के लिये कार्बन कर से छूट देने की मांगः सूत्र

**नयी दिल्ली, (भाषा)** भारत ने यूरोपीय संघ से कुछ क्षेत्रों में सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिये कार्बन कर से छूट देने की मांग की है। यूरोपीय संघ (ईयू) का कार्बन कर इस साल अक्टूबर से अमल में आएगा। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानक. ारी दी। इसके साथ ही भारत अपने कार्बन प्रमाणपत्रों के लिये यूरोपीय संघ से द्विपक्षीय रूप से मान्यता देने को लेकर समझौते पर जोर दे रहा है। यूरोपीय संघ कार्बन सीमा समायोजन प्रणाली (सीबीएएम) एक अक्टूबर से अमल में ला रहा है। इस व्यवस्था के तहत एक जनवरी, 2026 से ईयू में चुनिंदा वस्तुओं के आयात पर 20 से 35 प्रतिशत कर लगेगा। इस साल अक्टूबर से इस्पात, सी. मेंट, उर्वरक, एल्युमीनियम और हाइड्रोकार्बन उत्पादों सहित सात कार्बन–गहन क्षेत्रों की घरेलू कंपनियों को सीबीएएम मानदंडों का पालन करने के लिये यूरोपीय संघ के प्राधिकारणों से अनुपालन प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा। भारत ने समझौते को द्विपक्षीय रूप से मान्यता देने की व्यवस्था के तहत यूरोपीय संघ से 'कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम' (सीसीटीएस) को मान्यता देने को कहा है। यह योजना फिलहाल बिजली मंत्रालय तैयार कर रहा है। यूरोपीय संघ की 'कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम' की स्वीकृति से भारतीय कंपनियों को इन उत्पादों के निर्यात पर कार्बन कर के रूप में अतिरिक्त बोझ से पार पाने में मदद मिलेगी।
अधिकारी ने कहा, ''भारत द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों स्तरों पर इस मुद्दे से निपट रहा है। द्विपक्षीय स्तर पर हमने यूरोपीय संघ से आपसी तौर पर स्वीकृत समझौते को मान्यता देने को कहा है। साथ ही अगर संभव हो तो एमएसएमई को इस कर से अलग रखने को कहा है जैसा कि कुछ अन्य देशों के मामले में हुआ है।'' उन्होंने कहा कि वित्त, वाणिज्य, बिजली, खान और इस्पात समेत विभिन्न मंत्रालयों के शीर्ष अधिकारियों तथा उद्योग प्रमुखों के साथ बैठक में इन मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने की। बैठक में उद्योग से कार्बन कर के लिये तैयार रहने और इससे निपटने के लिये कदम उठाने को कहा गया है। शोध संस्थान जीटीआरआई (ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव) की रिपोर्ट के अनुसार नई व्यवस्था के तहत एक अक्टूबर से भारत के लोहा, इस्पात और एल्युमीनियम के यूरोपीय संघ को निर्यात को अतिरिक्त जांच से गुजरना होगा। वहीं एक जनवरी, 2026 से ईयू इस्पात, एल्युमीनियम, सीमेंट, उर्वरक, हाइड्रोजन और बिजली की हर खेप पर कार्बन कर वसूलना शुरू करेगा। भारत ने बीते वर्ष 2022 में यूरोपीय संघ को लोहा, इस्पात और एल्युमीनियम उत्पादों का 27 प्रतिशत निर्यात किया। मूल्य के हिसाब से यह 8.2 अरब डॉलर का था। बहुपक्षीय स्तर पर भारत और कुछ अन्य देशों ने विश्व व्यापार संगठन में सीबीएएम को लेकर चिंता जतायी है। भारत ने फरवरी में इस संदर्भ में दस्तावेज सौंपे। अधिकारी ने कहा, ''आज की बैठक में सरकार ने उद्योग को बताया कि इस मामले में घरेलू स्तर पर क्या हो रहा है...।''







Although every possible care and caution has been taken to avoid errors or omissions, this publication is being sold on the condition and understanding that information given in this publication is merely for reference and must not be taken as having the authority of or binding in any way on the writers, editors, publishers, and printers and sellers who do not owe any responsibility for any damage or loss to any person, a purchaser of this publication or not for the result of any action taken on the basis of this work. All disputes are subject to the exclusive jurisdiction of competent court and forums in Delhi/New Delhi only

Published, Printed, Edited and Owned by Krishna Aggarwal Published from New Delhi, Tel- 011-43560023 E-mail- info@focusnews.in, focusnews9@gmail.com
RNI NUMBER - DELBIL/2013/56173, Printed from Vibha Publication Pvt Ltd- D-160 B, Noida Phase - I, Uttar Pradesh - 201301

# जी20 बैठक: गृह सचिव, आईबी प्रमुख ने कश्मीर का दौरा किया, सुरक्षा की समीक्षा की



**श्रीनगर, फोकस न्यूज,** केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला और गुप्तचर ब्यूरो (आईबी) के निदेशक तपन डेका ने इस महीने के अंत में होने वाली जी20 बैठक को लेकर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा के लिए मंगलवार को कश्मीर का दौरा किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने जी20 बैठक के लिए सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। जी20 बैठक के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि 22 से 24 मई तक घाटी में रहेंगे। सूत्रों ने कहा कि जी20 बैठक की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्रा. थमिकता है जिसके लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भल्ला और डेका ने जम्मू–कश्मीर प्रशासन, पुलिस, सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की तथा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक के हिस्से के रूप में जी20 प्रतिनिधियों के गुलमर्ग और श्रीनगर के अलावा कुछ अन्य पर्यटन स्थलों का दौरा करने की उम्मीद है। सूत्रों ने कहा कि हाल में राजौरी और पुंछ में हुए दो बड़े आतंकी हमलों ने स्पष्ट संकेत दिया है कि राष्ट्र के प्रति शत्रुता रखने वाले तत्व आगामी जी20 बैठक को बाधित करने का प्रयास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उन जगहों पर एनएसजी कमांडो तैनात हो सकते हैं जहां अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि जाएंगे, जबकि भारतीय नौसेना के मार्कोस कमांडो को डल झील और घाटी में अन्य जलाशयों में तैनात किए जाने की उम्मीद है। पिछले हफ्ते राजौरी में पांच जवानों की शहादत एक महीने के भीतर दूसरी बड़ी घटना थी। यह ऐसे समय हुआ जब पुंछ के भाटा धूरियन में सेना के एक ट्रक पर घात लगाकर हमला किए जाने के बाद सेना पिछले 15 दिन से बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान में लगी हुई थी। गत 20 अप्रैल को इफ्तार के लिए फल और सब्जियां ले जा रहे सेना के ट्रक पर पुंछ में आतंकवादियों ने हमला किया था जिसमें पांच सैनिक शहीद हो गए थे और एक अन्य घायल हुआ था। पिछले 18 महीनों में, राजौरी और पुंछ जिलों में हुए आठ आतंकी हमलों में 26 सैनिकों सहित 35 लोगों की जान गई है।

## एक अगस्त से सेना में ब्रिगेडियर और उससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों के लिए समान वर्दी



**नयी दिल्ली,** सेना ने फैसला किया है कि एक अगस्त से ब्रिगेडियर और उससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों की एक समान वर्दी होगी, भले ही उनका मूल कैडर और नियुक्ति कुछ भी हो। सैन्य सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह फैसला हाल ही में संपन्न सेना कमांडरों के सम्मेलन के दौरान विस्तृत चर्चा और सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार–विमर्श के बाद लिया गया। यह निर्णय एक अगस्त से प्रभावी होगा। सूत्रों के अनुसार, फैसले के तहत वरिष्ठ अधिकारियों की टोपी, कंधे पर बैज, गोरगेट पैच, बेल्ट और जूते का मानकीकरण किया जाएगा। कर्नल और नीचे के रैंक के अधिकारियों की वर्दी में कोई बदलाव नहीं होगा। एक सूत्र ने बताया, ''भारतीय सेना ने रेजिमेंट की सीमाओं से परे, वरिष्ठ नेतृत्व के बीच सेवा मामलों में सामान्य पहचान और दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए ब्रिगेडियर और उससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों के लिए एक समान वर्दी अपनाने का फैसला किया है।'' इसने कहा, ''यह भारतीय सेना की निष्पक्ष और न्यायसंगत संगठन होने की खासियत को और भी सशक्त करेगा।'' भारतीय सेना में ब्रिगेडियर और ऊपर के अधिकारी वे होते हैं जो पहले से ही यूनिट और बटालियनों की कमान संभाल चुके होते हैं और उनमें से ज्यादातर मुख्यालय या प्रतिष्ठानों में तैनात होते हैं, जहां सभी अंगों और सेवाओं के अधिकारी एक साथ काम करते हैं और कार्य करते हैं। सूत्रों ने बताया कि भारतीय सेना की सच्ची प्रकृति को दर्शाते हुए एक मानक वर्दी वरिष्ठ रैंक के सभी अधिकारियों के लिए एक सामान्य पहचान सुनिश्चित करेगी। विभिन्न प्रकार की वर्दी और साज–सज्जा का भारतीय सेना के संबंधित अंगों, रेजिमेंट और सेवाओं से विशिष्ट संबंध है।

## कर्नाटक विधानसभा चुनाव : आज होगा मतदान, 13 मई को पता चलेगा किसके सिर बंधेगा सत्ता का ताज



**बेंगलुरु,** कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के तहत करीब एक महीने चले प्रचार अभियान के बाद अब प्रदेश की जनता की बारी आई है जो बुधवार को अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर उम्मीदवारों के चुनावी भविष्य को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में बंद करेगी। इसके बाद 13 मई को पता चलेगा कि कर्नाटक की सत्ता का ताज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बरकरार रख पाती है या कांग्रेस उससे यह ताज छीनने में सफल रहती है या फिर तीसरी ताकत के रूप में जनता दल (सेक्युलर) इसकी कुंजी अपने पास रखता है। राज्य की 224 सदस्यीय विधानसभा के लिए प्रदेश की जनता 10 मई को अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करेगी। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। राज्य भर में 58,545 मतदान केंद्रों पर कुल 5,31,33,054 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। ये मतदाता 2,615 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत तय करेंगे। मतदाताओं में 2,67,28,053 पुरुष, 2,64,00,074 महिलाएं और 4,927 'अन्य' हैं। उम्मीदवारों में 2,430 पुरुष, 184 महिलाएं और एक उम्मीदवार अन्य लिंग से हैं। राज्य में 11,71,558 युवा मतदाता हैं, जबकि 5,71,281 दिव्यांग और 12,15,920 मतदाता 80 वर्ष से अधिक आयु के हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के रथ पर सवार सत्तारूढ़ भाजपा की कोशिश 38 साल के उस मिथक को तोड़ने की है जिसमें प्रदेश की जनता ने किसी भी सत्ताधारी पार्टी को वापस सत्ता में बिठाने से परहेज किया है। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दक्षिण के अपने इस गढ़ को बरकरार रखने के लिए भाजपा ने कोई कसर नहीं छोड़ी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य में करीब डेढ़ दर्जन चुनावी जनसभाओं और आधा दर्जन से अधिक रोड शो के जरिए फिर से जनता का विश्वास हासिल करने का प्रयास किया वहीं कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनावों में खुद को मुख्य विपक्षी दल के रूप में स्थापित करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस के लिए उसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने पूरे राज्य में जनसभाएं की। राहुल और प्रियंका ने कई रोड शो भी किए। पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने प्रचार अभियान में कोई कसर नहीं छोड़ी। बहरहाल, इन दोनों दलों के अलावा सबकी नजर पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा के नेतृत्व वाले जनता दल (सेक्युलर) पर भी है। जानकारों का कहना है कि त्रिशंकु जनादेश की स्थिति में सरकार गठन की कुंजी उसी के हाथों में होगी। पूर्व के चुनावों में भी राज्य में कई अवसरों पर यह स्थिति उभर चुकी है। चुनाव प्रचार के दौरान सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने 'पूर्ण बहुमत वाली सरकार' का नारा जोरशोर से बुलंद किया। मतदान के दौरान कुल 75,603 बैलेट यूनिट (बीयू), 70,300 कंट्रोल यूनिट (सीयू) और 76,202 वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) का इस्तेमाल किया जाना है। चुनाव अधिकारियों के अनुसार, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्बाध चुनाव के लिए राज्य भर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं और पड़ोसी राज्यों से बलों को तैनात किया गया है।

## तेलंगाना के मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार के रूप में सोमेश कुमार को नियुक्त किया गया

**हैदराबाद, (भाषा)** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने मंगलवार को राज्य के पूर्व मुख्य सचिव सोमेश कुमार को अपना मुख्य सलाहकार नियुक्त किया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्य सरकार ने राव के फैसले के अनुसार आदेश जारी किये। इसमें कहा गया है कि सोमेश कुमार तीन साल के लिए पद संभालेंगे। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने इस साल 10 जनवरी को सोमेश कुमार को आंध्र प्रदेश कैडर आवंटित किए जाने से जुड़े केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट), हैदराबाद के आदेश को रद्द कर दिया था। अदालत के आदेश के कुछ घंटों बाद, केंद्र के तहत कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने तेलंगाना सरकार को भेजे पत्र में कहा था कि कुमार को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त किया जाता है और उन्हें 12 जनवरी तक आंध्र प्रदेश सरकार को 'रिपोर्ट' करने को कहा था। सोमेश कुमार तब तेलंगाना के मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत थे। सोमेश कुमार ने कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के निर्देश के अनुसार 12 जनवरी को आंध्र प्रदेश कैडर को 'रिपोर्ट' किया था। इसके बाद उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) का विकल्प चुना था।

## पंजाब पुलिस ने राज्य में असमाजिक तत्वों के खिलाफ 'चौकसी अभियान' शुरू किया

**चंडीगढ़, (भाषा)** पंजाब पुलिस ने राज्य में असामाजिक तत्वों के खिलाफ मंगलवार को दो दिवसीय विशेष अभियान शुरू किया। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि यह अभियान बहुस्तरीय है और पूरे राज्य के हर इलाके में जांच की जा रही है। यादव ने लुधियाना में पत्रकारों से कहा कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रैंक के अधिकारी, महा. निरीक्षक और अन्य अधिकारी अभियान की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड, बाजारों, रेलवे स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर ' चौकसी अभियान' चलाया जा रहा है। डीजीपी ने कहा, "तड़के सराय और होटलों की जांच की जाएगी। विभिन्न चरणों का यह अभियान दो दिन – आज और कल चलाया जाएगा।"

## कर्नाटक चुनाव से एक दिन पहले मुख्यमंत्री बोम्मई मंदिर गये, हनुमान चालीसा का पाठ किया



**बेंगलुरु/हुब्बली(कर्नाटक),** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने राज्य विधानसभा चुनाव के मतदान से एक दिन पहले मंगलवार को आंजनेय मंदिरों का दौरा किया। बोम्मई, हुब्बली में विजयनगर स्थित मंदिर गये और वहां उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। वहीं, शिवकुमार बेंगलुरु स्थित के.आर मार्केट स्थित मंदिर गये और पूजा–अर्चना की। बजरंग दल को प्रतिबंधित करने के लिए कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र में किये गये प्रस्ताव से उपजे विवाद के मद्देनजर ये यात्राएं मायने रखती हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दोनों ने ही इस मुद्दे का इस्तेमाल कांग्रेस पर भगवान आंजनेय और हिंदुओं की भावनाओं के खिलाफ होने का आरोप लगाने के लिए किया। उन्होंने प्रचार अभियान के दौरान बार–बार 'जय बजरंगबली' का उद्घोष किया। शिवकुमार सहित कांग्रेस के अन्य नेताओं ने घोषणापत्र में किये गये प्रस्ताव पर अडिग रहते हुए कहा है कि भगवान आंजनेय या बजरंग दल दो अलग–अलग चीजें हैं तथा उनकी एक–दूसरे से तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि वे भी आंजनेय और भगवान राम के आराधक हैं। शिवकुमार ने मंदिर का दौरा करने के बाद कहा, ''मैंने भगवान आंजनेय से मुझे लोगों की सेवा करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।'' केंद्रीय मंत्री और प्रदेश भाजपा चुनाव प्रबंध समिति प्रमुख शोभा करंदलाजे भी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बेंगलुरु के महालक्ष्मी लेआउट स्थित श्री प्रसन्ना वीरंजनेय मंदिर गईं और पूजा अर्चना की। उन्होंने बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का घोषणापत्र में प्रस्ताव करने को लेकर कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला पर भगवान आंजनेय का अपमान करने और उनके (भगवान के) जन्म स्थान पर संदेह जता कर हिंदू मान्यताओं को खतरा पैदा करने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोग पूरे राज्य के मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं और धर्म की रक्षा करने के लिए भगवान आंजनेय से शक्ति देने की प्रार्थना कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सात मई को विश्व हिंदू परिषद और इसकी युवा इकाई बजरंग दल ने देशभर में नौ मई को हनुमान चालीसा का पाठ करने का फैसला किया था। कांग्रेस ने अपने घोषणा–पत्र में कहा है कि वह जाति और धर्म के आधार पर समुदायों के बीच नफरत फैलाने वाले व्यक्तियों और संगठनों के खिलाफ दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी ने कहा, ''हम मानते हैं कि कानून और संविधान पवित्र हैं और बजरंग दल, पीएफआई (पीपुल्स फ्रंट ऑफ इंडिया) जैसे संगठनों या किसी अन्य द्वारा समुदायों के बीच दुश्मनी या नफरत को बढ़ावा देकर इसका उल्लंघन नहीं किया जा सकता है, भले ही वह बहुसंख्यक समुदाय या अल्पसंख्यक समुदाय क्यों ना हो। हम ऐसे संगठनों पर प्रतिबंध लगाने सहित कानून के अनुसार निर्णायक कार्रवाई करेंगे।'' विहिप के महासचिव मिलिंद परांदे के अनुसार, ''कांग्रेस और अन्य संगठनों तथा उनके कार्यकर्ताओं को 'सद्बुद्धि' प्रदान करने के लिए 'बजरंग बली' का आह्वान करने का कार्यक्रम तय किया गया है।'' उन्होंने एक बयान में कहा, ''यह बहुत ही अपमानजनक है कि कर्नाटक कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में पार्टी ने बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का वादा किया है और उसके बाद राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में कांग्रेस और कुछ अन्य हिंदू–विरोधी नेताओं ने बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।''

# नीतीश कुमार ने नवीन पटनायक से मुलाकात की, गठबंधन पर चर्चा से इनकार



**भुवनेश्वर,** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को यहां नवीन निवास में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मुलाकात की। दोनों के बीच करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। हालांकि, दोनों मुख्यमंत्रियों ने दावा किया कि बैठक के दौरान अगले साल लोकसभा चुनाव के लिए जद (यू) और बीजू जनता दल (बीजद) के बीच किसी भी राजनीतिक गठबंधन बनाने पर कोई चर्चा नहीं हुई। नीतीश ने ओडिशा के मुख्यमंत्री के आवास पर पटनायक के साथ दोपहर का भोजन किया और फिर संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि उनका बहुत पुराना नाता है। पटनायक ने पत्रकारों से कहा, "आज किसी भी गठबंधन पर कोई चर्चा नहीं हुई। मुझे खुशी है कि नीतीश जी भुवनेश्वर आए। जब हम अटल बिहारी वाजपेयी के मंत्रिमंडल में थे, तब से पुराने दोस्त और सहयोगी हैं।" पटनायक ने कहा कि ओडिशा सरकार भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिये आने वाले पर्यटकों के वास्ते सुविधाओं के निर्माण को लेकर बिहार सरकार को मुफ्त में 1.5 एकड़ जमीन मुहैया कराएगी। पटनायक ने नीतीश से मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए ट्वीट किया, "भुवनेश्वर में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर खुशी हुई। ओडिशा का बिहार और पड़ोसी राज्य के लोगों के साथ एक विशेष संबंध है। आशा है कि ओडिशा की उनकी यात्री सुखद रही होगी।"

कुमार ने कहा, "उनके (नवीन के) पिता बीजू बाबू और नवीन जी के साथ हमारे संबंध बहुत पुराने हैं। कोविड महामारी के कारण, हम मिल नहीं पाए। कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई। हमारे बीच अच्छे संबंध हैं और कोई भी राजनीतिक अटकल लगाने की जरूरत नहीं है।" अगले साल के चुनावों से पहले गैर–भाजपा दलों के साथ आने की चर्चा है, लेकिन दोनों नेताओं ने राजनीति पर चर्चा होने की बात से इनकार कर दिया। इससे पहले दिन में बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर राज्य के मंत्री अशोक चंद्र पांडा और बीजद उपाध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्रा ने कुमार का स्वागत किया। कुमार का आज भुवनेश्वर से रवाना होने का कार्यक्रम है।

# हम जानते हैं कि हम क्या कर रहे हैं : शरद पवार

**पुणे, (भाषा)** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को आगे ले जाने के लिए अपना उत्तराधिकारी ढूंढने में शरद पवार की असफलता का शिवसेना (यूबीटी) द्वारा दावा किए जाने के एक दिन बाद राकांपा प्रमुख ने कहा कि उन्हें और उनकी पार्टी के नेताओं को न तो दूसरों के कहने की परवाह है और न ही वे ऐसे लेखों को कोई महत्व देते हैं क्योंकि उन्हें पता है कि वे क्या कर रहे हैं। पवार ने मंगलवार को एक कार्यक्रम के इतर सतारा में संवाददाताओं से कहा कि राकांपा में हर कोई जानता है कि पार्टी को कैसे आगे ले जाना है, और वे जानते हैं कि पार्टी में नया नेतृत्व कैसे बनाया जाता है। शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र 'सामना' में सोमवार को एक संपादकीय में दावा किया गया था कि पवार ऐसा उत्तराधिकारी ढूंढने में विफल रहे हैं जो उनकी पार्टी को आगे ले जा सके। 'सामना' में यह भी दावा किया गया था कि राकांपा के नए अध्यक्ष के बारे में फैसला करने के लिए बनाई गई समिति में कुछ ऐसे सदस्य भी शामिल थे जो सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भा. जपा) के साथ जाने के इच्छुक थे लेकिन इन सदस्यों को राकांपा कार्यकर्ताओं के दबाव के कारण पवार से पद पर बने रहने के लिए कहना पड़ा। राकांपा, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और कांग्रेस के साथ महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन का प्रमुख घटक दल है। 'सामना' में टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा, "अगर कोई इस बारे में लिखता है कि हम नया नेतृत्व खोजते हैं या नहीं, तो हम इसे महत्व नहीं देते हैं। यह (लिखना) उनका विशेषाधिकार है लेकिन हम इसे अनदेखा करते हैं। हम जानते हैं कि हम क्या कर रहे हैं, और हम इससे संतुष्ट हैं।"

## केदरनाथ मंदिर की यात्रा से पहले मौसम की ताजा जानकारी लें: प्रशासन ने तीर्थयात्रियों से कहा



**देहरादून, (भाषा)** केदारनाथ में भारी हिमपात के मद्देनजर रूद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने मंगलवार को तिर्थयात्रियों को सलाह दी कि वे मौसम के बारे में अद्यतन जानकारी लेने के बाद ही मंदिर की यात्रा करें। रूद्रप्रयाग की पुलिस अधीक्षक (एसपी) विशाखा अशोक भदाने ने कहा, ''केदारनाथ में सोमवार को एक बार फिर भारी हिमपात हुआ। तीर्थयात्रियों को सलाह दी गई है कि वे इस इलाके में मंगलवार के मौसम के बारे में अद्यतन जानकारी के अनुरूप ही मंदिर यात्रा की योजना बनाएं।'' उन्होंने कहा कि उनके लिए श्रद्धालुओं की सुरक्षा सबसे अहम है। पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक योगेंद्र गंगवार ने कहा कि खराब मौसम के कारण मंदिर की यात्रा के लिए पंजीकरण की ताजा प्रक्रिया को 15 मई तक के लिए रोक दिया गया है। चमोली और रूद्रप्रयाग जिलों में इस साल अप्रैल और मई में कई बार हिमपात की घटनाएं देखी गई हैं। हेमकुंड साहिब (चमोली जिले में स्थित सिख धर्मस्थल) के लिए मार्ग को दो मई को खोला जाना था, लेकिन यह अब भी बर्फ के कारण बाधित है। हेमकुंड साहिब ट्रस्ट ने कहा कि सेना के 28 जवान और हेमकुंड साहिब के स्वयंसेवी मार्ग से बर्फ हटाने के काम में जुटे हुए हैं।

## बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र बुधवार को चक्रवाती तूफान में बदल सकता है : आईएमडी



**भुवनेश्वर,** दक्षिण–पूर्व बंगाल की खाड़ी और इससे सटे दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बुधवार को एक चक्रवाती तूफान में बदल सकता है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि मौसम प्रणाली के शुरू में उत्तर–पश्चिमोत्तर की ओर 12 मई की सुबह तक और बाद में बांग्लादेश–म्यांमा तटों की ओर बढ़ने की उम्मीद है। विभाग ने कहा कि मछुआरों और छोटे जहाजों, नौकाओं व ट्रॉलर संचालकों को सलाह दी जाती है कि मंगलवार से दक्षिण–पूर्व और उससे सटे मध्य बंगाल की खाड़ी में नहीं जाएं। मौसम कार्यालय ने बंगाल की पूर्व–मध्य खाड़ी और उत्तर अंडमान सागर में मौजूद लोगों से भी दिन के दौरान ही लौट आने के लिए कहा है। आईएमडी ने एक बुलेटिन में कहा, "दक्षिण–पूर्व खाड़ी और बंगाल और इससे सटे दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र आज शाम तक एक दबाव में बदल सकता है और इसके बाद 10 मई को दक्षिण–पूर्व बंगाल की खाड़ी और बंगाल की पूर्व–मध्य खाड़ी व अंडमान सागर के आस–पास के क्षेत्रों में एक चक्रवाती तूफान बन सकता है।"

## जीवन बीमा उत्पादों की प्रीमियम राशि बढ़ने से ग्राहक चिंतित: सर्वे

**नयी दिल्ली,** जीवन बीमा के लिये प्रीमियम राशि बढ़ना ग्राहकों के लिये बड़ी चिंता की बात है और इसे किफायती बनाये रखना एक प्रमुख मुद्दा बन गया है। मंगलवार को जारी एक सर्वे में यह कहा गया है। बाजार के बारे में शोध करने वाली कंपनी हंसा रिसर्च की रिपोर्ट में जीवन बीमा उत्पाद खरीदने के निर्णय में तीन बड़ी बाधाएं बतायी गयी हैं। इसमें आर्थिक बाधाएं/उत्पादों का किफायती होना, बीमा उत्पाद खरीदने को लेकर समस्या की आशंका आदि शामिल हैं। सर्वे देशभर के करीब 3,300 जीवन बीमा पॉलिसीधारकों के विचारों के आधार पर तैयार किया गया है। इन लोगों से पॉलिसीधारक के रूप में उनके अनुभव के बारे में पूछा गया था। रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि कंपनी का ग्राहकों से संपर्क नहीं होने से लोग बीमा पॉलिसी से दूर होते हैं। सर्वे में 22 प्रतिशत ग्राहकों ने पॉलिसी छोड़ने के संभावित कारण के रूप में 'कंपनी का संपर्क में नहीं होने' का हवाला दिया। इसमें कहा गया है कि 10 ग्राहकों में से आठ ने माना कि बैंक के आरएम (रिलेशनशिप मैनेजर)/एजेंट को बीमा उत्पाद खरीदने के बाद छह महीने में कम–से–कम एक बार उन्हें कॉल करना चाहिए या मुलाकात करनी चाहिए।

# जालंधर लोकसभा उपचुनाव में चतुष्कोणीय मुकाबले के आसार

**जालंधर,** जालंधर लोकसभा सीट के लिए बुधवार को होने वाले उपचुनाव में चतुष्कोणीय मुकाबला माना जा रहा है जहां आम आदमी पार्टी (आप), कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिरोमणि अकाली दल के उम्मीदवारों ने जीत के लिए ताकत झोंक दी है। कांग्रेस सांसद संतोख सिंह चौधरी के निधन के बाद जालंधर लोकसभा (सुरक्षित) सीट खाली हो गयी थी। चौधरी को इस साल जनवरी में जिले के फिल्लौर में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिल का दौरा पड़ा था। इस सीट पर कांग्रेस से दिवंगत संतोख सिंह चौधरी की पत्नी करमजीत कौर, कांग्रेस छोड़कर आप में आए पूर्व विधायक सुशील रिंकू और शिरोमणि अकाली दल छोड़कर भाजपा में आए दलित सिख इंद्र इकबाल सिंह मैदान में हैं। अकाली दल ने अपने दो बार के विधायक सुखविंदर कुमार सुक्खी को प्रत्याशी बनाया है। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी को उपचुनाव में जीत हासिल करने और लोकसभा में अपनी मौजूदगी सुनिश्चित करने की उम्मीद है।

# चेन्नई की नजरें प्लेआफ पर, जीत की लय कायम रखने उतरेगी दिल्ली




**चेन्नई,** इंडियन प्रीमियर लीग के प्रारंभिक चरण के आखिरी पड़ाव में प्लेआफ की रस्साकशी जोर पकड़ने लगी है और ऐसे में चेन्नई सुपर किंग्स नये आत्म. विश्वास से भरी दिल्ली कै. पिटल्स के खिलाफ बुधवार को एक और जीत के साथ अपनी स्थिति पुख्ता करना चाहेगी । पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को हराकर चेन्नई जीत की राह पर लौटी है और टूर्नामेंट के शुरूआती चरण में जूझती नजर आई दिल्ली को हराकर वह दो अंक और लेना चाहेगी । चेन्नई ने शनिवार को कम स्कोर वाले मैच में मुंबई इंडियंस को हराया जिसमें उसके गेंदबाजों खासकर मतीषा पि. थराना की भूमिका अहम रही । चेन्नई ने रूतुराज गायकवाड़, डेवोन कोंवे और शिवम दुबे की पारियों के दम पर लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया । चेन्नई के लिये शीर्ष क्रम के बल्लेबाज कोंवे (457 रन), गायकवाड़ (292 रन), शिवम दुबे (290 रन) और अजिंक्य रहाणे (245 रन) ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन मध्यक्रम नाकाम ही रहा है ।अंबाती रायुडू 11 मैचों में 95 रन ही बना सके हैं जबकि रविंद्र जडेजा ने 11 मैचों में 92 रन बनाये हैं । कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने संक्षिप्त आक्रामक पारियां खेली हैं लेकिन वह बल्लेबाजी क्रम में काफी नीचे आते हैं । टीम दुआ कर रही होगी कि शीर्षक्रम फॉर्म में बना रहे और अहम मैचों में मध्यक्रम तक जाने की नौबत ही नहीं आये । गेंदबाजी में तुषार देशपांडे ने 19 विकेट जरूर लिये हैं लेकिन उनका इकॉनामी रेट दस से अधिक का रहा है जिससे चेन्नई को कई बार नुकसान हुआ है । जडेजा बल्ले से भले ही नहीं चल सके हों लेकिन गेंदबाजी में कामयाब रहे हैं । वहीं पथिराना अपना शानदार फॉर्म जारी रखना चाहेंगे । दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके हैं लेकिन फिल साल्ट एक मैच विनर के तौर पर उभरे हैं । कप्तान डेविड वॉर्नर चिर परिचित फॉर्म में नहीं हैं जबकि मिशेल मार्श और रोवमैन पावेल भी कुछ खास नहीं कर सके हैं । दिल्ली ने पिछले पांच में से चार मैच जीतकर उम्मीदें बनाये रखी हैं । उन्हें हर मैच जीतना होगा और चेन्नई को उसके गढ चेपॉक पर हराना आसान नहीं है । इसके लिये दिल्ली के बल्लेबाजों को चेन्नई के स्पिन आक्रमण के खिलाफ पूरे होमवर्क के साथ उतरना होगा । वहीं गेंदबाजों को कोंवे और गायकवाड़ को सस्ते में पवेलियन भेजने के तरीके तलाशने होंगे । दिल्ली की गेंदबाजी का दारोमदार ईशांत शर्मा , एनरिच नॉर्किया, मार्श, स्पिनर कुलदीप यादव और अक्षर पटेल पर रहेगा।

**टीमें** : चेन्नई सुपर किंग्सः एमएस धोनी (कप्तान), डेवोन कोंवे, रुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायडू, सुभ्रांशु सेनापति, मोईन अली, शिवम दुबे, राजवर्धन हैंगरगेकर, ड्वेन प्रिटोरियस, मिचेल सेंटनर, रविंद्र जडेजा, तुषार देशपांडे, एम पि. थराना, सिमरजीत सिंह, दीपक चाहर, प्रशांत सोलंकी, महेश तीक्ष्णा, अजिंक्य रहाणे, बेन स्टोक्स, शेख रशीद, निशांत सिंधु, सिसंडा मगाला, अजय मंडल, भगत वर्मा, आकाश सिंह। दिल्ली कैपिटल्सः डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी साव, सरफराज खान, अमन हकीम खान, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, खलील अहमद, कुलदीप यादव, रोवमैन पॉवेल, रिले रोसौव, एनरिक नोर्किया, मुस्तफिजुर रहमान, चेतन सकारिया, मुकेश कुमार, फिल सॉल्ट, लुंगी एनगिडी, प्रवीण दुबे, ललित यादव, रिपल पटेल, विक्की ओस्तवाल, ईशांत शर्मा, मनीष पांडे, कमलेश नागरकोटी और यश धुल।

समयः मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# अजित नारायण और अजिंता शेउली 73 किग्रा के ग्रुप बी में शीर्ष दो स्थान पर रहे




**जिन्जू (कोरिया) (भाषा)** भारतीय भारोत्तोलक अजीत नारायण और अचिंता श्युली सोमवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप की पुरुषों की 73 किग्रा स्पर्धा के ग्रुप बी में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहे। अपने पहले सीनियर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा कर रहे अजित ने कुल 307 किग्रा (139 किग्रा + 168 किग्रा) का भार उठाया, जबकि अचिंता केवल 305 किग्रा (140 किग्रा + 165 किग्रा) का कुल भार ही उठा सके। भारत के इन दोनों भारोत्तोलकों को उनके शुरुआती भार के आधार पर ग्रुप बी रखा गया था। भारोत्तोलन में अधिकतम शुरुआती भार रखने वाले खिलाड़ियों को ग्रुप ए और उसके बाद के खिलाड़ियों को ग्रुप बी में रखा जाता है। मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन अजीत ने अपने शुरुआती दो स्नैच प्रयासों में 135 किग्रा और 139 किग्रा भार उठाया, लेकिन 141 किग्रा के अपने अंतिम प्रयास में विफल रहे। उन्होंने इसी तरह क्लीन एंड जर्क में 171 किग्रा के अपने अंतिम प्रयास में लड़खड़ाने से पहले 164 किग्रा और 168 किग्रा का भार आसानी से उठाया। मांसपेशियों में खिंचाव की चोट से उबर रहे अचिंता अपने छह प्रयासों में केवल तीन वैध भार उठा सके। जूनियर विश्व चैंपियनशिप (2021) के रजत पदक विजेता ने अपने दूसरे प्रयास में स्नैच में 140 किग्रा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस वर्ग में उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 143 किग्रा है। वह क्लीन एंड जर्क वर्ग 164 किग्रा का भार उठाने के बाद 169 किग्रा और 171 किग्रा के प्रयास में विफल रहे। भारतीय दल इस प्रकार इस प्रतियोगिता से तीन रजत पदक के साथ लौटा। राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता बिंदयारानी देवी और युवा ओलंपिक चैंपियन जेरेमी लालरिनुंगा पदक हासिल करने में सफल रहे। बिंदयारानी ने महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में क्लीन एंव जर्क वर्ग के साथ अपने समग्र प्रयास के लिए दो रजत पदक अपने नाम किये। जेरेमी ने पुरुषों की 67 किग्रा स्नैच स्पर्धा में रजत पदक जीता। महाद्वीपीय और विश्व चैंपियनशिप में भारोत्तोलकों को स्नैच, क्लीन एंव जर्क और कुल भार के लिए अलग–अलग पदक दिये जाते है। ओलंपिक में हालांकि सिर्फ कुल भार के आधार पर ही पदक दिया जाता है। मौजूदा चैंपियनशिप 2024 पेरिस ओलंपिक की क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं में शामिल है जहां तोक्यो खेलों की 14 की तुलना में भारोत्तोलन की 10 स्पर्धाएं होंगी।

# एशियाई खेल ट्रायल में प्रदेश संघों को मिल सकती है पहलवानों को उतारने की अनुमति




**नयी दिल्ली, (भाषा)** भारतीय ओलंपिक संघ की तदर्थ समिति प्रदेश कुश्ती संघों को एशियाई खेलों के लिये चयन ट्रायल में अपने चुने हुए पहलवानों को उतारने की अनुमति दे सकती है भले ही वे नयी चयन नीति के अनुरूप निर्धारित टूर्नामेंटों में से किसी एक में पदक जीतने की पात्रता पूरी नहीं करते हों । एशियाई खेलों के लिये ट्रायल जून के तीसरे सप्ताह में होंगे । इसकी तारीख की घोषणा इस सप्ताह की जायेगी । पिछले साल कोरोना महामारी के कारण स्थगित हुए एशियाई खेल 23 सितंबर से चीन के हांगझोउ में होंगे । भारतीय कुश्ती महासंघ ने पिछले साल एक नीति बनाई थी जिसके तहत प्रतिभावान जूनियर खिलाड़ियों के अलावा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप, राष्ट्रीय रैंकिंग टूर्नामेंटों, फेडरेशन कप, अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में पदक जीत चुके पहलवान ही ट्रायल में भाग ले सकते हैं । तदर्थ समिति के सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा ने शुरूआत में ओपन ट्रायल के संकेत दिये थे लेकिन कोचों और रैफरियों ने उन्हें पदक विजेताओं तक ही सीमित रखने की सलाह दी । एक सूत्र ने कहा ,'' ओपन ट्रायल निर्धारित समय में पूरे करना काफी मुश्किल हो जाता । यह प्रस्ताव रखा गया है कि यदि प्रदेश संघ को लगता है कि कोई योग्य उम्मीदवार है भले ही जिसने पदक नहीं जीता है तो वह ऐसे उम्मीदवार को ट्रायल में उतार सकता है ।'' उन्होंने कहा ,'' इस पर अंतिम फैसला जल्दी ही लिया जायेगा । ट्रायल 20 जून के आसपास होंगे । इसकी तारीख की घोषणा एक दो दिन में की जायेगी ।'' प्रदेश संघ अगर तीन शैलियों में दस वर्गों में अपने उम्मीदवार उतारते हैं तो प्रतियोगियों की संख्या काफी बढ जायेगी । बाजवा, कई कोचों, रैफरियों और साइ अधिकारियों ने सोमवार को बैठक में भाग लिया । यह समिति की दूसरी बैठक थी । इससे पहले बाजवा ने मेरठ में संबंधित पक्षों के साथ बैठक की थी । सूत्र ने यह भी कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरने पर बैठे स्टार पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया को ट्रायल में भाग लेने से रोका नहीं जायेगा । उन्होंने कहा ,'' प्रदर्शन के कारण उनकी भागीदारी या ट्रायल में भाग लेने पर रोक जैसी कोई बात उठी ही नहीं । बाजवा हर योग्य उम्मीदवार को चयन का पूरा मौका देना चाहते हैं ।'' प्रदर्शन में शामिल साक्षी मलिक ट्रायल में भाग नहीं ले सकेगी क्योंकि आईओए को डब्ल्यूएफआई द्वारा भेजी गई लंबी सूची में उसका नाम नहीं है । इस बीच कई महिला पहलवान लखनऊ के साइ सेंटर में राष्ट्रीय शिविर में भाग नहीं लेना चाहतीं । वहीं कइयों के माता पिता सोनीपत में महिला और पुरूष पहलवानों के संयुक्त शिविर के खिलाफ हैं । सूत्र ने कहा ,'' बैठक में संयुक्त राष्ट्रीय शिविर पर भी बात हुई । सदस्यों को बताया गया कि महिला पहलवानों के माता पिता इसके खिलाफ है । उन्हें डर है कि ऐसा होने पर प्रेम प्रसंगों की संख्या बढ जायेगी । यही वजह है कि 2013 से दो अलग अलग शिविर लगाये जा रहे हैं ।'' महिला पहलवार दिल्ली के आईजी स्टेडियम पर अभ्यास करना चाहती हैं लेकिन वहां होस्टल नहीं है । पटियाला में साइ सेंटर में कुश्ती और भारोत्तोलन के लिये एक ही हॉल है । गांधीनगर (गुजरात) में भी शिविर लगाया जा सकता है लेकिन देखना होगा कि पहलवान इसके लिये तैयार होते हैं या नहीं ।

# रोहित शर्मा की दिक्कत तकनीकी नहीं, मानसिक पहलू से जुड़ी : सहवाग



**नयी दिल्ली,** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा की बल्लेबाजी में कोई तकनीकी खामी नहीं है और उनका खराब फॉर्म मान. सिक अवरोध की वजह से है । रोहित ने इस सत्र में 18 . 39 की औसत और 126 . 89 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 184 रन बनाये । पिछले दो मैचों में तो वह खाता भी नहीं खोल सके । सहवाग ने स्टार स्पोटर्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव में कहा ,'' रोहित शर्मा गेंदबाजों से नहीं बल्कि खुद से जूझ रहा है । वह मानसिक अवरोध का सामना कर रहा है ।'' उन्होंने कहा ,'' उसकी बल्लेबाजी तकनीक में कोई खामी नहीं है । उसके दिमाग में कोई कंफ्यूजन चल रहा है । जिस दिन वह इससे उबर जायेगा, वह पिछले सभी मैचों की भरपाई कर लेगा।'' पांच बार की चैम्पियन मुंबई दस मैचों में पांच जीत के साथ दस अंक लेकर सातवें स्थान पर है । पिछले मैच में उसे चेन्नई सुपर किंग्स ने छह विकेट से हराया । आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज आरोन फिंच ने कहा कि मुंबई के सलामी बल्लेबाज भी 'कंफ्यूज' लग रहे हैं और उन्हें चेन्नई के रूतुराज गायकवाड़ से सीखना चाहिये ।


उन्होंने कहा ,'' मुंबई के सलामी बल्लेबाज कन्फ्यूज लग रहे हैं और काफी जोखिम ले रहे हैं । वे हर गेंद को पीटना चाहते हैं । उन्हें रूतुराज गायकवाड़ से सीखना चाहिये जो शांतचित्त रहकर ढीली गेंदों का इंतजार करता है ।'' रोहित के खराब फॉर्म के बीच विराट कोहली इस सत्र में अभी तक 419 रन बना चुके हैं । दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्पिनर इमरान ताहिर ने कहा ,'' विराट के भीतर रनों की भूख हमेशा रहती है । आप एक या दो सत्र में रन बना सकते हैं लेकिन लगातार 15 सत्र से रन बनाना उसकी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता का नतीजा है ।''

# मैच विनर हैं कुरेन, उनका साथ देना जरूरी : लांगेवेल्ट



**कोलकाता,** आईपीएल में सबसे महंगे बिकने का दबाव झेल रहे सैम कुरेन भले ही अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके हों लेकिन पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच चार्ल लांग. `वेल्ट ने उनका बचाव करते हुए उन्हें 'मैच विनर' बताया । आंद्रे रसेल ने कुरेन के ओवर में चार गेंदों पर तीन छक्के लगाकर केकेआर को पंजाब किंग्स पर पांच विकेट से यादगार जीत दिलाई । दक्षिण अफ्रीका के लांगेवेल्ट ने मैच के बाद कहा ,'' वह विनर है । उसका साथ देना जरूरी है । वह हमारा सीनियर गेंदबाज भी है ।इस तरह के दिन कैरियर में आते हैं ।'' कुरेन को पंजाब ने 18 करोड़ 50 लाख रूपये में खरीदा था । उन्होंने केकेआर के खिलाफ कल 19वें ओवर में 20 रन दिये और तीन ओवर में 44 रन लुटाये । अभी तक वह 11 मैचों में सात विकेट ही ले सके हैं और दस रन प्रति ओवर से अधिक की दर से रन दिये हैं । लांगेवेल्ट ने कहा ,'' वह उन खिलाड़ियों में से है जो हमें मैच जिता सकता है । नये सिरे से रणनीति बनाकर वापसी करनी होगी ।'' रसेल की पारी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा ,'' वह हमेशा से बड़ा खिलाड़ी रहा है । गेम चेंजर । हम उसे खामोश रखना चाहते थे लेकिन ऐसा हो नहीं सका ।''

# मेस्सी, फ्रेसर प्राइस ने जीते लॉरेस वैश्विक खेल पुरस्कार



**पेरिस, (एपी)** अर्जेटीना की विश्व कप 2022 में खिताबी जीत के नायक रहे महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी को विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का लॉरेस पुरस्कार दिया गया जबकि जमैका की फर्राटा धाविका शैली अन फ्रेसर प्राइस सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुनी गई। फ्रेसर प्राइस ने पिछले साल विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पांचवीं बार सौ मीटर का स्वर्ण पदक जीता । लॉरेस खेल पुरस्कार सोमवार की रात को पेरिस में दिये गए । वर्ष 2020 के बाद पहली बार पुरस्कार व्यक्तिगत रूप से दिये गए । मेस्सी को 2020 में फॉर्मूला वन ड्राइवर लुईस हैमिल्टन के साथ संयुक्त रूप से पुरस्कार दिया गया था । तीन ओलंपिक और दस विश्व चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक विजेता फ्रेसर प्राइस ने इसे अपने कैरियर के सर्वश्रेष्ठ सम्मान में से एक बताते हुए कहा ,'' सुर्खियों में रहने वाले खिलाड़ियों के लिये जरूरी है कि वे अगली पीढी के लिये मिसाल कायम रकें ।'' स्पेन के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अलक. ाराज को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ सफलता का पुरस्कार मिला । बीस वर्ष के अलकाराज ने 2022 अमेरिकी ओपन जीता और नंबर वन रैंकिंग तक पहुंचे । दिल का दौरा पड़ने के बाद फिट होकर प्रीमियर लीग में वापसी करने वाले फुटबॉलर क्रिस्टियन एरिक्सन को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ वापसी का पुरस्कार मिला।

# केकेआर के कप्तान राणा पर धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना

**नयी दिल्ली, (भाषा)** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान नितिश राणा पर पंजाब किंग्स के खिलाफ ईडन गार्डस पर खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग के मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिये 12 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है । लीग ने एक बयान में कहा कि आईपीएल की आचार संहिता के तहत इस सत्र में यह केकेआर का पहला अपराध था लिहाजा राणा पर 12 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया । केकेआर ने आखिरी गेंद पर रिंकू सिंह के चौके की मदद से पंजाब किंग्स को पांच विकेट से हराकर प्लेआफ की उम्मीदें कायम रखी हैं ।

# इस आईपीएल के दौरान स्ट्राइक रेट सुधारने पर काम किया: डुप्लेसी




**मुंबई,** फाफ डुप्लेसी के सलामी जोड़ीदार विराट कोहली की बीच के ओवरों में उनके रवैये के लिए कुछ हलकों में आलोचना हो रही है लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान अपने खेल से संतुष्ट हैं क्योंकि जरूरत पड़ने पर वह बेहतर स्ट्राइक रेट से रन बना पा रहे हैं। मौजूदा टूर्नामेंट में डुप्लेसी 10 मैच में 511 रन के साथ अभी 'ऑरेंज कैप' धारक हैं। उन्होंने 157.72 के स्ट्राइक–रेट से रन बनाए हैं जबकि आईपीएल में उनके करियर का स्ट्राइक रेट 126 मैच में 133.58 का है। डुप्लेसी ने 'आरसीबी बोल्ड डायरीज' के साथ बा. तचीत में कहा कि टूर्नामेंट की शुरुआत से ही उनका ध्यान अधिक स्ट्राइक रेट से खेलने पर था और अब वह आरसीबी के लिए बड़ी पारी भी खेलना चाहते हैं। आरसीबी के कप्तान ने कहा, ''मैं वास्तव में शतक बनाने की कोशिश कर रहा हूं, बीच के ओवरों में मैं तेजी से रन बना सकता हूं और पारी को अच्छे स्कोर तक पहुंचा सकता हूं क्योंकि हम बीच के ओवरों में 75 से अधिक रन बना सकते हैं।'' डुप्लेसी की बाउंड्री की संख्या में सुधार हुआ है क्योंकि उन्होंने अब तक 10 मैचे में 40 चौके और 29 छक्के लगाए हैं और निश्चित रूप से आरसीबी के लिए बीच के ओवरों में वह 'किंग कोहली' से अधिक प्रभावी रहे हैं। उन्होंने कहा, ''अतीत में मुझे हमेशा लगता था कि मेरे पास अच्छा आक्रामक खेल है लेकिन मुझे लगा कि मैं अपना स्ट्राइक रेट 130 से कम से कम 150 तक ले जाने में सक्षम हूं और फिर कभी कभी 160–170 तक इसलिए मैंने उस पर काम किया है।'' आरसीबी की टीम अभी 10 मैच में 10 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर है और अपनी प्ले ऑफ की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ जीत दर्ज करना चाहेगी।

# चोटिल आर्चर बाहर, जोर्डन मुंबई इंडियंस टीम में

**नयी दिल्ली, (भाषा)** फिटनेस समस्या से जूझ रहे इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर आईपीएल के मौजूदा सत्र के बाकी मैच नहीं खेल सकेंगे जिनकी जगह क्रिस जोर्डन को मुंबई टीम में शामिल किया गया है । पांच बार की चैम्पियन मुंबई ने आर्चर को नीलामी में आठ करोड़ रूपये में खरीदा था लेकिन वह इस सत्र में सिर्फ पांच मैच खेलकर दो विकेट ले सके । वह कमर की चोट के कारण पिछले दो साल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हैं और पिछले साल आईपीएल भी नहीं खेले थे । इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड आर्चर की फिटनेस और रिकवरी पर नजर रखेगा । ईसीबी ने एक बयान में कहा ,'' आर्चर दाहिनी कोहनी की सर्जरी के बाद रिकवर कर रहा है । हाल ही में वापसी करने के बाद उसे असहज महसूस हुआ । उम्मीद है कि वह जल्दी ठीक हो जायेगा। इसलिये यह तय किया गया कि वह आराम और रिहैबिलिटेशन के लिये इंग्लैंड लौटे ।'' वहीं 2016 में आइपीएल में पदार्पण करने वाले जोर्डन अब तक 28 आईपीएल मैच खेलकर 27 विकेट ले चुके हैं । वह सनराइजर्स हैदराबाद, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर, पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेल चुके हैं । उन्होंने इंग्लैंड के लिये 87 टी20 मैचों में 96 विकेट लिये हैं । वह आईपीएल नीलामी में बिके नहीं थे और मुंबई ने उन्हें अब दो करोड़ रूपये में अनुबंधित किया है ।

# 13 साल के वरुण ने भारत के लिए जीता 3 गोल्ड, मां ने भी जीता मेडल, पूरी दुनिया में भारत नाम किया ऊंचा

वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स का आयोजन इस साल ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में किया गया। इस मुकाबले में भारत के कुल 32 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। जहां टीम इंडिया ने कुल 35 मेडल जीते। पिछले कुल सालों में भारत लगभग हर तरह के खेलों में हिस्सा ले रहा है। वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स उन लोगों के लिए आयोजित किया जाता है जिन्होंने अपने शरीर के किसी अंग को ट्रांसप्लांट किया हो। फिर चाहे वो ऑर्गन डोनर हो या फिर लेने वाला हो, सभी इस खेल में हिस्सा ले सकते हैं। भारत ने इस खेले में 35 मेडल तो जीते हैं, लेकिन इन एथलीटों में से एक मां–बेटे की जोड़ी ने सभी इंप्रेस कर दिया। दोनों मां और बेटे ने भारत के लिए मेडल जीता।

**मां ने बेटे को दी किडनी :** बैंगलोर के रहने वाले वरुण और दीपा ने ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में हुए वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स में भारत के लिए कुल 4 मेडल जीते। 13 साल के वरुण ने रैकेट इवेंट में 3 गोल्ड और उनकी मां दीपा ने बॉल थ्रो में एक ब्रान्ज मेडल अपने नाम किया। वरुण जब 9 साल के थे तब एक रात अचानक से उनके पेट में दर्द उठा। घर वालों को लगा कि यह कोई आम सा दर्द है, लेकिन अस्पताल जाने के बाद पता चला कि उनकी किडनी खराब हो चुकी है। पिता अपने बेटे को किडनी नहीं दे सके क्योंकि वह शुगर के मरीज हैं। ऐसे में मां ने एक बड़ा फैसला लेते हुए अपने बेटे की जान बचाई और उसे अपनी किडनी दी। भारत की ओर से गए 32 खिलाड़ियों ने 35 मेडल जीतकर इन खेलों में भारत का मान बढ़ाया है। ऑर्गन इंडिया नामक संस्थान ने इन खिलाड़ियों को एक साथ लाने का काम किया और उन्हें पर्थ के जाने में एक अहम भुमिका निभाई।

# हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने सीएम योगी से की भेंट, शिवप्रताप शुक्ल ने किया गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन




**गोरखपुर।** गोरखपुर प्रवास पर आए हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। गुरु गोरखनाथ का विधिवत दर्शन पूजन करने के बाद उन्होंने यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने शुक्ल का अभिनंदन करते हुए उनका कुशलक्षेम पूछा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने उन्हें शॉल व हिमाचली टोपी भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान सीएम योगी एवं शुक्ल ने सांस्कृतिक विकास व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। शिष्टाचार भेंट के संबंध में राजभवन हिमाचल प्रदेश के ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर बताया गया कि आस्था और विश्वास के केंद्र विख्यात धार्मिक स्थल गोरखनाथ मंदिर में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने माथा टेका और पूजा–अर्चना की। राज्यपाल ने गोरक्षनाथ जी से सबकी सुख–समृद्धि व रक्षा के लिये प्रार्थना की।

**सीएम योगी ने की गोसेवा, बतखों को दिया दाना** : सोमवार शाम गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह गोसेवा की। मंदिर की गोशाला में जाकर उन्होंने गोवंश को दुलारा और उन्हें गुड़ खिलाया। मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए वह भीम सरोवर पहुंचे और यहां विचरण कर रहे बतखों को भी दाना दिया। इसके पूर्व उन्होंने गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया और अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधिस्थली पर जाकर उन्हें नमन किया।

## प्रौद्योगिकी सेवा क्षेत्र में सौदों की संख्या जनवरी–मार्च तिमाही में घटीः रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, (भाषा)** वैश्विक प्रौद्योगिकी सेवा क्षेत्र में होने वाले सौदों की संख्या में नरमी आई है। साल 2023 की पहली तिमाही में इन सौदों की संख्या साल भर पहले के 270 से घटकर करीब 150 रह गई है। एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया है। ईवाई और नैसकॉम की संयुक्त रिपोर्ट के मुताबिक, प्रौद्योगिकी सेवा क्षेत्र के लिए 2022 का साल विरोधाभासों से भरा रहा। इस दौरान प्रौद्योगिकी सेवा क्षेत्र में हुए विलय एवं अधिग्रहण और निजी इक्विटी खरीद के सौदों का कुल मूल्य 57 अरब डॉलर से अधिक रहा था। यह राशि वर्ष 2020 के 27 अरब डॉलर से दोगुना से भी अधिक है। हालांकि, कैलेंडर वर्ष 2023 की पहली तिमाही यानी जनवरी–मार्च में इस क्षेत्र में होने वाले सौदों और उनके मूल्य में गिरावट दर्ज की गई है। मार्च, 2023 की तिमाही में इस तरह के 150 से अधिक सौदे हुए हैं, जबकि पिछले साल समान तिमाही में 270 से अधिक और 2021 की पहली तिमाही में 220 से अधिक सौदे हुए थे। ''प्रौद्योगिकी सेवा क्षेत्र में विलय एवं अधिग्रहण के रुझान एवं परिदृश्य'' शीर्षक से जारी रिपोर्ट कहती है कि 2023 में बाजार के अधिक सतर्क रहने और जोखिम प्रबंधन के लिए सौदों की रचनात्मक संरचना अपनाने की संभावना है। रिपोर्ट में मझोले आकार वाली कंपनियों के विलय एवं अधिग्रहण में सक्रिय रहने की उम्मीद जताई गई है। इसके मुताबिक, रणनीतिक खरीदारों के कुछ वर्गों और निजी इक्विटी खरीद की वजह से साल के बाकी समय में सौदों की रफ्तार बनी रहने की संभावना है। प्रौद्योगिकी सेवा क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं के अलावा व्यवसाय प्रक्रिया प्रबंधन (बीपीएम), इंजीनियरिंग और शोध एवं विकास भी शामिल हैं। वर्ष 2022 में इन सभी खंडों में कुल मिलाकर 947 सौदे हुए थे जो पांच साल का उच्चस्तर है। ईवाई इंडिया के प्रौद्योगिकी क्षेत्र प्रमुख नितिन भट्ट ने कहा, ''विभिन्न खंडों में दो साल में खरीद गतिविधियां तेज रही हैं। हालांकि, इस साल की पहली तिमाही में इसमें सुस्ती आई है।''

## पर्यटन को बढ़ावा देने में 'इन्फ्लुएंसर्स', कैब कंपनियां शामिल; कॉफी होम को नया रूप देगी दिल्ली सरकार



**नयी दिल्ली,** दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर अपनी राय से लोगों को प्रभावित करने वाले 'इन्फ्लुएंसर्स' को शामिल करने, पर्यटन विभाग की वेबसाइट को अद्यतन करने और पुरातत्व विभाग एवं कैब सेवा प्रदाता कंपनियों को शामिल करने जैसी कई पहलों की शुरुआत की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई–भाषा को बताया कि पर्यटन विभाग ने होटलों में समूची दिल्ली के पर्यटन स्थलों का उल्लेख करने वाली अपनी पत्रिकाएं भी रखवाई हैं और विभाग बुकलेट छपवाने की प्रक्रिया में है। अधिकारी ने बताया कि सरकार ने विदेशियों में लोकप्रिय कैब सेवा प्रदाता कंपनियों के साथ मिलकर काम करने और उन कैब में बुकलेट रखवाने का फैसला किया है। विभाग ने कनॉट प्लेस में 'कॉफी होम' को लोगों के अनुकूल बनाने के लिए इसे नया रूप देने का भी फैसला किया है। अधिकारी ने कहा, ''हम बाबा खड़क सिंह मार्ग पर स्थित कॉफी होम को नया रूप देने की योजना बना रहे हैं। यह पर्यटकों के बीच मशहूर है। हम इसे विकसित करने की कोशिश कर रहे हैं और एक डिजिटल स्क्रीन लगाकर इसे बेहतर रूप दे रहे हैं, जहां लोग मेन्यू देख सकें।'' कॉफी होम दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी) द्वारा संचालित है। सरकार 'हेरिटेज वॉक' के बैनर तले ऐतिहासिक स्थलों के पर्यटन को बढ़ावा देने की पेशकश कर रही है। इन्हें बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग ने इन्फ्लुएंसर्स के लिए वॉक का आयोजन किया, जिन्होंने सोशल मीडिया पर अपने इस भ्रमण के अनुभवों के बारे में वीडियो पोस्ट किए। अधिकारी ने कहा, ''सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को आमंत्रित करना दिल्ली में पर्यटन को बढ़ावा देने का एक हिस्सा था।''

## पिछले पांच वित्त वर्ष में एसबीआई का 7,655 करोड़ रुपये का गृह ऋण फंसा : आरटीआई




**इंदौर,** सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून से खुलासा हुआ है कि वित्त वर्ष 2018–19 से 2022–23 के बीच भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के 1,13,603 खाताधारकों के तय समय पर मासिक किस्त (ईएमआई) का भुगतान नहीं करने से उन्हें दिया गया 7,655 करोड़ रुपये का आवास ऋण फंसा है। इस अवधि के दौरान देश के सबसे बड़े बैंक ने ऐसे 45,168 खाताधारकों के 2,178 करोड़ रुपये के फंसे आवास ऋण को बट्टे खाते में डाला है। नीमच के आरटीआई कार्यकर्ता चंद्रशेखर गौड़ ने मंगलवार को ''पीटीआई–भाषा'' को बताया कि एसबीआई ने उन्हें ये आंकड़े आरटीआई कानून के तहत मुहैया कराए हैं। उन्होंने इन आंकड़ों के हवाले से बताया कि एसबीआई ने वर्ष 2018–19 में 237 करोड़ रुपये, 2019–20 में 192 करोड़ रुपये, 2020–21 में 410 करोड़ रुपये, 2021–22 में 642 करोड़ रुपये और 2022–23 में 697 करोड़ रुपये के फंसे आवास ऋण को बट्टे खाते में डाला। जानकारों ने बताया कि किसी बैंक द्वारा फंसे ऋण को बट्टे खाते में डालने के बावजूद कर्जदार पुनर्भुगतान के लिए उत्तरदायी बना रहता है और बट्टे खाते में डाली गई राशि वसूलने के लिए बैंक की कवायद जारी रहती है।

## 12वीं के बाद करनी है इंजीनियरिंग, तो ये हैं यूपी के टॉप कॉलेज, मिलते हैं लाखों के पैकेज



आईआईटी कानपुर यूपी का ही नहीं, देश का एक प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेज है. आईआईटी कानपुर में एडमिशन जेईई एडवांस के जरिए होता है. जेईई एडवांस में वे स्टूडेंट्स बैठ सकते हैं जो जेईई मेन्स पास करेंगे. आईआईटी कानपुर की छप्प्थ रैंकिंग 4 है.

**आईआईटी बीएचयू** : आईआईटी बीएचयू भी एक प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेज है. यह बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के अंतर्गत आता है. इसमें भी एडमिशन जेईई एडवांस के जरिए होता है. इसकी एनआईआरएफ 2022 रैंकिंग 29 थी.

**अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी** : अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में एडमिशन जेईई परीक्षा के जरिए होता है. एएमयू से बीटेक करने के बाद अच्छी नौकरी मिल जाती है. एएमयू में कमजोर वर्ग के स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप भी मिलती है. एएमयू की एनआईआरएफ 2022 में इंजीनियरिंग कैटेगरी में 37वीं रैंक है.

**डछछप्ज इलाहाबाद** : एमएनएनआईटी यानी मोतीलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इलाहाबाद आईआईटी को टक्कर देता है. एमएनएनआईटी में पढ़ाई किए हुए स्टूडेंट्स देश की बड़ी–बड़ी कंपनियों में काम करते हैं. इसकी एनआईआरएफ 2022 रैंक 21वीं है.

**एपीजे अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी, लखनऊ** : एपीजे अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी, लखनऊ को यूपीटीयू के नाम से भी जाना जाता है. इसमें एडमिशन के लिए जेईई एग्जाम क्वॉलिफाई करना पड़ता है. इस यूनिवर्सिटी में भी एडमिशन के लिए आपको जेईई एग्जाम क्वालिफाई करना होगा.

**इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय** : इलाहाबाद विश्वविद्यालय के जेके इंस्टीट्यूट में दाखिला जेईई मेन्स स्कोर के आधार पर होता है. यहां से बीटेक करने वाले स्टूडेंट्स का भी अच्छे सैलरी पैकेज पर सेलेक्शन होता है.

## उत्तर प्रदेश में भी 'कर मुक्त' हुई 'द केरला स्टोरी'



**लखनऊ (उप्र),** उत्तर प्रदेश सरकार फिल्म 'द केरला स्टोरी' को राज्य में 'कर मुक्त' करेगी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी 12 मई को अपने मंत्रिमंडल के साथ फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग देख सकते हैं। मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक हैंडल से किए गए ट्वीट में कहा, "द केरला स्टोरी उत्तर प्रदेश में कर मुक्त की जाएगी।" इससे पहले, निदेशक सूचना, शिशिर ने कहा, "केरला स्टोरी को उत्तर प्रदेश में कर मुक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी 12 मई को लखनऊ में अपने मंत्रिमंडल के साथ फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग देखेंगे।" प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गत रविवार को एक चुनावी रैली के दौरान कहा था कि अगर कोई प्रस्ताव आता है तो राज्य सरकार फिल्म 'द केरला स्टोरी' को कर मुक्त कर देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत पांच मई को इस फिल्म को आतंकी साजिशों को सामने लाने का श्रेय दिया था। उन्होंने कर्नाटक में एक चुनावी रैली में फिल्म का उल्लेख करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा था। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी गत शनिवार को अपने राज्य में 'द केरला स्टोरी' को कर मुक्त दर्जा देने की घोषणा की थी। उत्तर प्रदेश भाजपा के सचिव अभिजात मिश्रा ने शनिवार को शहर में करीब 100 छात्राओं के लिए इस विवादित फिल्म की स्क्रीनिंग का आयोजन किया था। उन्होंने एक थिएटर बुक किया और कहा कि युवा लड़कियों को कथित 'लव जिहाद' से बचाने के लिए फिल्म दिखाई जानी चाहिए। मिश्रा ने कहा कि फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है और दिखाती है कि कैसे भोली–भाली लड़कियों को बरगलाया जाता है और फिर उनका धर्मांतरण किया जाता है। अदा शर्मा अभिनीत फिल्म 'द केरला स्टोरी' की कहानी महिलाओं के एक ऐसे कथित समूह के इर्द–गिर्द घूमती है, जिन्हें धर्म परिवर्तन और आतंकवादी संगठन आईएस में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता है। इस फिल्म को लेकर खासा विवाद भी हो रहा है और इसे नफरत फैलाने का जरिया बताया जा रहा है।

## कर्नाटक चुनाव के दिन गोवा सरकार ने वैतनिक अवकाश घोषित किया, विपक्ष तथा औद्योगिक इकाइयां नाखुश



**पणजी,** पड़ोसी राज्य कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गोवा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार ने 10 मई को वै. तनिक अवकाश घोषित किया है, जिसमें निजी संस्थानों और औद्योगिक इकाइयों के कर्मियों को भी शामिल किया गया है। हालांकि प्रमोद सावंत के नेतृत्व वाली सरकार के इस फैसले से विपक्षी दल और औद्योगिक इकाइयां खुश नहीं हैं। गोवा राज्य उद्योग संघ ने कहा कि उन्हें इस अवकाश के खिलाफ कानून का सहारा लेना पड़ सकता है। हालांकि, गोवा के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पड़ोसी राज्यों में जब चुनाव होते हैं तो अवकाश देने की प्रथा रही है। उन्होंने दावा किया कि पिछले साल गोवा में चुनाव के दौरान कर्नाटक में अवकाश की घोषणा की गई थी। गोवा सरकार ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को एक अधिसूचना जारी कर 10 मई को वैतनिक अवकाश की घोषणा की थी। अधिसूचना में कहा गया है कि यह अवकाश सरकारी सेवकों के साथ निजी संस्थानों एवं औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत कर्मियों के लिए भी होगा। गोवा राज्य उद्योग संघ के अध्यक्ष दामोदर कोचकर ने राज्य सरकार के फैसले को ''बेतुका'' बताते हुए कहा, ''गोवा में उद्योग जगत का मानना है कि यह पूरी तरह से बेतुका और मूर्खतापूर्ण फैसला है।'' आम आदमी पार्टी (आप) की गोवा इकाई के अध्यक्ष अमित पालेकर ने भी राज्य सरकार के फैसले की निंदा की और इसे ''मूर्खतापूर्ण फैसला'' बताया। गोवा फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी) ने भी राज्य सरकार के इस फैसले की निंदा की।

## विभिन्न देशों से करीब 72 प्राचीन कलाकृतियां वापस लाए जाने की प्रक्रिया में : सरकार



**नयी दिल्ली, (भाषा)** सरकार ने सोमवार को कहा कि पिछले नौ साल में विभिन्न देशों से करीब 240 प्राचीन कलाकृतियां भारत वापस लायी गयी तथा 72 और ऐसी कलाकृतियां देश वापस लाए जाने की प्रकिया में हैं। उसने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार हमारी प्राचीन वस्तुओं तथा कलाकृतियों को दुनियाभर से वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है। पत्र सूचना ब्यूरो द्वारा साझा किए आंकड़ों के अनुसार, 24 अप्रैल तक भारतीय मूल की 251 कीमती वस्तुएं विभिन्न देशों से वापस लायी गयी जिनमें से 238 वस्तुएं 2014 के बाद से वापस लायी गयी हैं। आंकड़ों के मुताबिक, करीब 72 प्राचीन वस्तुओं को विभिन्न देशों से वापस लाए जाने की प्रक्रिया चल रही है।

## फ्रीजर से बदबू क्यों आती है – इससे कैसे बच सकते हैं



**मेलबर्न, (द कन्वरसेशन)** ज्यादातर लोग उम्मीद करते हैं कि अगर भोजन को फ्रीजर में रख दिया जाए तो वह भोजन को ताजा और लंबे समय तक खराब होने से सुरक्षित रख सकता है। कई महीने। दुर्भाग्य से ऐसा हमेशा नहीं होता है। क्या आपने कभी अपने फ्रीजर में अजीब गंध महसूस की है? यह कहां से आती है और समस्या को ठीक करने के लिए क्या किया जा सकता है?

**कठोर रोगाणु और तीखे रसायन** : आपके फ्रीजर से दुर्गंध आने के कई कारण हो सकते हैं। आमतौर पर, इसके लिए रोगाणु जिम्मेदार होते हैं – बैक्टीरिया, यीस्ट और मोल्ड। हालांकि एक फ्रीजर नाटकीय रूप से रोगाणुओं के विकास को धीमा कर देता है, कुछ अभी भी पनप सकते हैं यदि तापमान –18 डिग्री सेल्सियस (अनुशंसित फ्रीजर तापमान) से ऊपर हो जाता है। यह तब हो सकता है जब कुछ घंटों से अधिक समय तक बिजली चली जाती है, या यदि आप फ्रीजर में कुछ गर्म पदार्थ सीधे रख देते हैं। भोजन के गिरने और कंटेनर के खुले होने से रोगाणुओं को काम करने का मौका मिलता है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि कई रोगाणु फ्रीजिंग में भी जीवित रहते हैं और परिस्थितियां अनुकूल होने पर फिर से बढ़ना शुरू कर देते हैं – उदाहरण के लिए, यदि आप भोजन को फ्रीजर से निकालते हैं और उसे आंशिक रूप से पिघलाते हैं, और इसे दोबारा फ्रीजर में रख देते हैं। दो चीजें होती हैं जब फ्रीजर से भोजन की गंध आने लगती है। सबसे पहले, जैसे ही सूक्ष्म जीव बढ़ने लगते हैं, कई तीखे रसायनों का उत्पादन होता है। दूसरा, वसा और स्वाद जो भोजन का हिस्सा होते हैं गंध पैदा करतेत हैं।

**इन्हें आम** : तौर पर अस्थिर कार्बनिक यौगिकों (वीओसी) के रूप में जाना जाता है। ताजे भोजन में इनकी सुखद सुगंध होती, हैं जिन्हें हम खाते समय महसूस करते हैं, लेकिन वीओसी बैक्टीरिया द्वारा भी उत्पन्न किए जा सकते हैं। उदाहरण के लिए, हम में से कई उस गंध से परिचित होंगे जो किण्वन या खमीर से आती है – एक माइक्रोबियल प्रक्रिया। किसी भोजन को किण्वित करते समय, हम जानबूझकर इसे ज्ञात विशेषताओं के रोगाणुओं से दूषित करते हैं, या ऐसी स्थितियाँ प्रदान करते हैं जो वांछनीय रोगाणुओं के विकास और बाद में सुगंधित यौगिकों के उत्पादन का कारण बनती हैं। इसके विपरीत, अनियंत्रित भोजन खराब होना समस्याग्रस्त है, खासकर जब दूषित रोगाणु रोग का कारण बन सकते हैं।

**ठंड से खाना बदल जाता है** : यह न केवल माइक्रोबियल वृद्धि है जो अवांछित गंध को जन्म दे सकती है। फ्रीजर में भी रासायनिक प्रक्रियाएं होती हैं। ठंड से खाद्य पदार्थों में भौतिक परिवर्तन होता है, जो अक्सर उनके खराब होने की रफ्तार को बढ़ाता है। हम में से बहुत से मांस और अन्य खाद्य पदार्थों पर ''फ्रीजर बर्न'' के साथ–साथ जमे हुए भोजन पर बर्फ के क्रिस्टल से परिचित होंगे। इस प्रक्रिया को ''नमक अस्वीकृति'' कहा जाता है। कोई चीज कितनी तेजी से जम जाती है, इसके पीछे कभी–कभी लवणों की सांद्रता भी जिम्मेदार होती है। यह तय है कि शुद्ध पानी को जमने के लिए जितने तापमान की जरूरत होती है, चीनी और नमक घुले लवणयुक्त पानी को जमने के लिए उससे कम तापमान चाहिए होता है। बड़े पैमाने पर ऐसा समुद्र में हिमखंडों के साथ होता है। जैसे ही समुद्र का पानी जमता है, उसमें से नमक निकाल दिया जाता है। इस प्रकार, हिमशैल का पानी लवणमुक्त हो जाता है, और आसपास के समुद्र का पानी अधिक खारा और सघन नमकीन बन जाता है। इसी तरह, जैसे भोजन में पानी जम जाता है, कार्बनिक अणु केंद्रित होते हैं और बाहर निकल जाते हैं। यदि ये अस्थिर हैं, तो वे फ्रीजर के चारों ओर घूमते हैं और अन्य चीजों से चिपक जाते हैं। वे कहाँ टिकते हैं यह इस बात पर निर्भर करता है कि आसपास और क्या है। कुछ वाष्पशील जैसे पानी। हम उन्हें ''हाइड्रोफिलिक''कहते हैं; इन्हें पानी पसंद होता है, ये वे हैं जो आपके खाने के स्वाद को खराब कर देते हैं। अन्य अधिक पानी से नफरत करने वाले या ''हाइड्रोफोबिक'' होते हैं और वे सिलिकॉन आइस क्यूब ट्रे जैसी चीजों से चिपक जाते हैं, जिससे वे बदबूदार हो जाते हैं। घरेलू फ्रीजर आमतौर पर एक रेफ्रिजरेटर से जुड़े होते हैं, और यह गंधों को सिस्टम के माध्यम से स्थानांतरित करने का एक और अवसर प्रदान करता है। दो इकाइयां एक शीतलन स्रोत और एयरफ्लो चैनल साझा करती हैं। यदि आपके फ्रिज में अंदर के भोजन से दुर्गंध आती है (प्राकृतिक या माइक्रोबियल खराब होने के बाद), तो यह बहुत संभावना है कि वे आपके फ्रीजर में चले जाएंगे।

**मदद करें, मेरे फ्रीजर से बदबू आ रही है!** : अपने फ्रीजर से गंध न आए इसके लिए आप कुछ आसान कदम उठा सकते हैं। सबसे पहले, भोजन को ढक कर गंध को विकसित होने से रोकने की कोशिश करें। यदि आप भोजन को एक एयरटाइट कंटेनर (ग्लास सबसे अच्छा है) में रखते हैं, तो यह बैक्टीरिया या स्वयं भोजन द्वारा उत्पादित किसी भी गंधयुक्त यौगिकों के निकलने को नाटकीय रूप से धीमा कर देगा। ढके हुए भोजन की अपने आसपास के अन्य खाद्य पदार्थों की गंध और स्वाद को अवशोषित करने की संभावना भी कम होती है। यदि बदबू पहले से ही विकसित हो गई है, तो आप पूरी तरह से सफाई सहित कुछ सरल उपाय अपनाकर उन्हें समाप्त कर सकते हैं। फ्रीजर से सभी वस्तुओं को हटा दें और किसी भी खराब होने, फ्रीजर बर्न या अप्रिय गंध के लिए खाद्य पदार्थों का निरीक्षण करें। बर्फ के क्रिस्टल विकसित करने वाली किसी भी चीज़ को हटा दें और बाकी को एक कूलर बॉक्स में स्टोर करें। आपको फ्रिज का भी निरीक्षण करना चाहिए और खराब गंध वाले खाद्य पदार्थों को हटा देना चाहिए। एक बार जब आप सभी वस्तुओं को हटा दें, तो फ्रिज के शेल्फ निकालें और उनपर गिरे हुए भोजन या छलके हुए पेय को साफ करें।

अब साबुन वाले गर्म पानी या सिर्फ गर्म पानी में दो बड़े चम्मच बेकिंग सोडा के मिश्रण का उपयोग करके सभी सतहों को पोंछ लें। सभी शेल्फ और बर्फ के डिब्बों को धो लें और उन्हें पूरी तरह सूखने दें। यदि इन सरल सफाई उपायों से गंध दूर नहीं हो पाती है, तो फ्रीजर को गहरी सफाई की आवश्यकता हो सकती है, जिसमें यूनिट को बंद करना और इसे कुछ दिनों के लिए ''सांस लेने'' के लिए छोड़ देना शामिल है। भोजन रखने से पहले कुछ बेकिंग सोडा फ्रीजर के अंदर रखने से किसी भी अवशिष्ट गंध को अवशोषित करने में मदद मिल सकती है। फ्रीजर की दरारें या इन्सुलेशन दूषित होने से गंभीर किस्म की गंध आ सकती हैं, ऐसा होने पर आपको एक सर्विस तकनीशियन की आवश्यकता हो सकती है। संक्षेप में, भले ही हमें लगता है कि फ्रीजर चीजों को ''ताजा'' रखते हैं, फिर भी रोगाणुओं का प्रसार हो सकता है। अपने भोजन को सुरक्षित और स्वस्थ रखने के लिए समय–समय पर अपने फ्रीजर को साफ करना सुनिश्चित करें।

**(एंजो पालोम्बो और रोजली हॉकिंग, स्वाइनबर्न यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी)**



संपादकीय

## देश में बदलाव लाने में बड़ा सहायक बना है 'मन की बात' कार्यक्रम

......प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने मन की बात से ही "सेल्फी विद डॉटर" जैसे अभियानों के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को सफलता के पायदान तक पहुंचाने का प्रयास हुआ। इसी प्रकार आज स्वच्छता आंदोलन एक व्यापक रूप ले चुका है। प्रधानमंत्री ने मन की बात में ही समुद्र के किनारे फैले कचरे व उसकी साफ सफाई पर ध्यान केंद्रित किया था। वह स्वच्छता अभियान पर किये जा रहे अभिनव प्रयासों की भी जानकारी देते रहते हैं जिसका प्रभाव आज समाज में दिखाई पड़ रहा है और अब समाज की विभिन्न गतिविधियों के दौरान साफ सफाई पर विशेष ध्यान भी दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कई बार यह अपील की है कि देश के युवाओं व अन्य सभी नागरिकों को वर्ष में एक बार कही न कहीं तीर्थाटन पर अवश्य जाना चाहिए जिसमें वह कहते हैं कि विदेश यात्रा पर जाने से अच्छा है कि अपने ही देश के अपने राज्य या फिर अन्य दूसरे राज्यों के 15 ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों का भ्रमण करना चाहिए और उनके विषय में जानना और समझना चाहिए। पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये "मन की बात" एक अहम माध्यम सिद्ध हो रहा है। आज देश के सभी धार्मिक व पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की बहार आई हुई है तथा देश के सभी प्रमुख धार्मिक केंद्र श्रद्धालुओं से खचाखच भरे रहते हैं। मन की बात को सुनने के बाद सभी राज्यों के मुख्यमंत्री पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई नये कार्यक्रम लांच कर रहे हैं। उप्र में अयोध्या, मथुरा, काशी हो या फिर देवभूमि उत्तराखंड की चारधाम यात्रा से लेकर राजधानी दिल्ली में शहीद स्मारक, सभी जगह पर्यटकों की धूम मच रही है। मन की बात के माध्यम से धार्मिक पर्यटन को खूब बढ़ावा तो मिला ही है साथ ही साथ नये पर्यटक स्थलों की भी खूब चर्चा हो रही है व उनका विकास भी तीव्र गति से हो रहा है। महाराष्ट्र की पंढरपुर यात्रा और सुदूर मणिपुर और सौराष्ट्र के सम्बन्ध में बहुत सारे लोगों ने मन की बात से ही जाना।

पर्यटन के साथ ही प्रधानमंत्री जब लोकल फोर वोकल की अपील करते हैं तो पर्यटक जहाँ जाते हैं वहां के स्थानीय उत्पादों को भी खरीद कर लाते हैं। यह मन की बात के माध्यम से लोकल फॉर वोकल पर बल दिए जाने का ही प्रभाव है कि आज भारत कई प्रकार के उत्पाद जो यहां पहले से बनते थे किंतु उनके बाजार पर विदेशी विशेषकर चीन के उत्पादों ने अपना कब्जा जमा लिया था, अब ऐसे उत्पादों की मार्केटिंग एक बार फिर होने लग गई है। स्थानीय उत्पादों का बाज़ार बढ़ने से लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार भी मिलने लगा है। दीपावली पर गणेश–लक्ष्मी की जो मूर्तियां भारत में ही बनती थीं किंतु उन पर चीन का नियंत्रण हो गया था, अब वह काफी हद तक कम हो गया हैं। दिवाली पर ही बिकने वाली चीनी झालरों का मार्केट भी गिर गया है और कुम्हार का चाक एक बार फिर घूमने लगा है। प्रधानमंत्री की अपील पर अब बच्चों के खिलौनों की भी दुनिया में भी नई क्रांति आ रही है और इसमें भी चीनी वर्चस्व का समापन हो रहा है। प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम कई क्षेत्रों में व्यापक बदलाव ला रहा है। एक कार्यक्रम में उन्होंने बताया था कि बचपन में दादा–दादी और नाना–नानी व अन्य बुजुर्ग सदस्य कोई न कोई कहानियां आदि सुनाया करते थे किंतु बदलाव के इस दौर में अब यह परम्परा समाप्त सी हो गई है। उन्होंने उस परम्परा को भी कुछ हद तक एक बार फिर जीवित करने का प्रयास किया है। आज कई स्थानों व स्कूल कालेजों में उन कहानियों पर आधारित संगोठिष्यों, नाटक व बच्चों को प्रेरित करने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होने लगा है।

मन की बात कार्यक्रम से ही भारत में डिजिटलीकरण अभियान को एक नई गति मिली है। अब हर युवा व नागरिक डिजिटल माध्यम से ही लेन देन कर रहा है। एक समय यह भी था लोगों ने डिजिटल अभियान का यह कहकर विरोध किया था कि जिन लोगों को लिखना–पढ़ना नहीं आता वह लोग मोबाइल फोन के माध्यम से डिजिटल लेन–देन कैसे कर पायेंगे, लेकिन आज वही चीज अब बहुत आसान हो गई है। मन की बात ने जल संरक्षण अभियान को सफल बनाया है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति भारत ही नहीं अपितु आज संपूर्ण विश्व जागरूक हो रहा है। मन की बात से ही आज योग, आयुर्वेद, अध्यात्म व समस्त भारतीय संस्कृति का अदभुत विकास हो रहा है। मन की बात से एक भारत श्रेष्ठ भारत जैसे संकल्पों को पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के एक एपिसोड में बताया कि खेलों की कमेंट्री भी संस्कृत व क्षेत्रीय भाषा में कैसे हो सकती है। देश के महापुरुषों के विषय में जागरूकता व उनके अच्छे कर्मों को जानने की प्रेरणा भी मन की बात से ही मिली। प्रधानमंत्री मोदी ने महापुरुषों की जयंती व समस्त राष्ट्रीय पर्वों पर उनको नमन किया तथा जहां–जहां उनकी प्रतिमाएं स्थापित हैं उन स्थलों की साज–सज्जा करवाने की अपील की जिसका व्यापक प्रभाव पड़ा।

कोविड काल में मन की बात से जनमानस ने आयुर्वेद, योग का महत्व समझा। मन की बात भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं, मान्यताओं के संरक्षण व विस्तार का संवाहक बन गया है। आज सम्पूर्ण विश्व में भारत की बात सुनी जा रही है। मन की बात से ही हर घर तिरंगा जैसे अभियान सफल हो रहे हैं तथा भारत में राष्ट्रवाद की एक नई बयार बह रही है। समाज में नारी शक्ति को एक नया विचार व सम्मान मिला है जिससे भारत की नारी शक्ति आत्मनिर्भर भी हो रही है। प्रधानमंत्री समय–समय पर युवाओं को अच्छी पुस्तकों को पढ़ने के लिये भी प्रेरित करते रहते हैं। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के सौवें एपिसोड में कहा कि मेरे लिए मन की बात का कार्यक्रम आस्था, एक पूजा है। यह स्वयं से वयं की यात्रा है, स्व से समष्टि की यात्रा है। सामान्य मानवी के गुणों की पूजा का माध्यम है, यह देशवासियों की अच्छाइयों और सकारात्मकता का एक अनोखा पर्व बन गया है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की बात हो स्वच्छ भारत आंदोलन की बात हो, खादी के प्रति प्रेम हो या प्रकृति की बात, आजादी का अमृत महोत्सव हो या फिर अमृत सरोवर की बात, ''मन की बात" जिस विषय से जुड़ा वह वो जन आंदोलन बन गया। उल्लेखनीय है कि मन की बात के 100वें एपिसोड को यूएन मुख्यालय में भी सुना गया। आज प्रधानमंत्री के ''मन की बात" कार्यक्रम पर कई संस्थानों में शोध हो रहे हैं। भारतीय जनसंचार संस्थान की ओर से भी एक शोध किया गया है जिसमें कार्यक्रम की लोकप्रियता व उसके समाज पर प्रभाव का भी अध्ययन किया गया है। एक बात तो यह सत्य है कि आज ''मन की बात" से ही हिंदू सनातन संस्कृति व विचारों का पुनरुद्धार हो रहा है।

**कृष्णा अग्रवाल**
**focusnews9@gmail.com**

## इन बातों को ध्यान में रख कर चलाएंगे AC तो बहुत ही कम आएगा बिजली का बिल!



एसी चलाने वाला दिन आ चुका है. जब तापमान 44 डिग्री हो तो बिना AC के कहां चैन मिल सकता है. ऐसे में लोग फटाफट AC खरीद कर ले आते हैं. लेकिन जब इसे चलाने की बारी आती है तो याद आता है बिजली का लंबा चौड़ा बिल. अगर आप भी बिजली बिल को लेकर टेंशन में तो ऐसे में हम आपको कुछ स्मार्ट टिप्स बता रहे हैं जिसे प्रैक्टिस करने से आपका बिजली का बिल ज्यादा नहीं आएगा...तो चलिए जानते हैं इस बारे में.

**ये टिप्स अपनाएंगे तो बिजली का बिल आएगा कम** : 1.तापमान का सही चुनाव बिजली की कम खपत करता है. कभी भी AC को सबसे कम तापमान में ना रखें. 16 डिग्री पर सबसे ज्यादा कूलिंग होती है, तो लोग तेज गर्मी में इसी पर ऐसी चलाना शुरु कर देते हैं.जबकि शरीर और पॉकेट के लिहाज से 24 डिग्री सबसे आदर्श तापमान है. अगर आप 24 डिग्री पर ACचलाते हैं तो आप बिजली में 6 फ़ीसदी तक की कटौती कर सकते हैं.

2.जब भी ACचलाएं कमरे के खिड़की और दरवाजे बंद कर दें. ऐसा करने से AC की कूलिंग बाहर नहीं जाएगी और कमरा ज्यादा देर तक ठंडा रहेगा. इससे ACके कंप्रेसर पर कमरे को ठंडा रखने के लिए जोर नहीं लगेगा और बिजली की कम खपत होगी.

3.रात को सोते वक्त जब भी AC चलाएं उसे स्लीप मोड पर डाल दें. ये मोड तापमान और ह्यूमिडिटी को ऑटोमेटिक एडजेस्ट करता है. इससे बिजली के बिल में 36 फ़ीसदी तक की बचत होती है.

4.जब भी ACचलाएं हल्की स्पीड पर फैन भी चला दें. ऐसा करने से ऐसी का हवा पूरे कमरे में फैलता है. इससे कमरा ठंडा हो जाता है और कम ACचलने से बिजली की बचत भी होती है. 5.कई लोग होते हैं जो AC का इस्तेमाल ना होने पर उसे रिमोट से ही बंद कर कर छोड़ देते हैं. जबकि पावर बटन ऑन रहता है. ऐसे करने से भी आपका बिजली बिल ज्यादा आ सकता है. दरअसल कंप्रेसर के आइडल लोज कंडीशन में रहने पर बिजली की खपत होती है.

## डेली खाते हैं फ्रेंच फ्राइज तो संभल जाएं, ये बात जानकर हैरान रह जाएंगे आप!

फास्ट फूड आज के समय में सभी का फेवरेट फूड बन चुका है. जिसमें से फ्रेंच फ्राइज का लोगों के बीच अलग ही क्रेज है. ये आजकल लोगों के लिए टाइम पास फूड बन गया है. अक्सर मूवी देखते हुए या किताब पढ़ते हुए या फिर दोस्तों के साथ गपशप करते हुए आप फ्रेंच फ्राइज जरूर खाते होंगे. लेकिन क्या आप जानते हैं फ्रेंच फ्राइज हमारी मानसिक सेहत को किस तरह डैमेज करता है. हाल ही में फ्रेंच फ्राइज को लेकर एक नई स्टडी में खुलासा हुआ. इसके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे. शायद आपकी चिंता भी बढ़ा सकती है. दरअसल, तले हुए, चिकने और स्टार्चयुक्त फ्रेंच फ्राइज आपके मानसिक स्वास्थ्य पर गलत प्रभाव डाल सकते हैं. आइये जानते हैं कैसे– आपको बता दें, एक शोध में पाया गया है कि तले हुए भोजन के लगातार सेवन से खासकर तला हुआ आलू लोगों को शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ्य बना सकता हैं. ऐसे में उन लोगों को डिप्रेशन और घबराहट की समस्या हो सकती है.

**डिप्रेशन का शिकार बना देगा ये फूड** : शोध के अनुसार, मानसिक स्वास्थ्य के लिए तले हुए भोजन की खपत को कम करने पर जोर देना है. विशेषज्ञों का कहना है कि शोध के परिणाम के अनुसार, अभी यह तय नहीं किया जा सकता है कि तले हुए भोजन मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों को बढ़ाते हैं या नहीं. ऐसा देखने को मिला कि जो लोग तले–भुने भोजन का अधिक प्रयोग करते हैं, उनमें चिंता या उदास का प्रभाव ज्यादा देखा जाता है. तले हुए आलू के अधिक सेवन से अवसाद और घबराहट की समस्या बढ़ती है.

## महंगे फेशियल से नहीं बल्कि इन 3 चीजों से सनबर्न और टैनिंग की समस्या को कहें बाय–बाय, बस आपको करना होगा ये काम

गर्मी का मौसम आते ही त्वचा संबंधी समस्याएं सहित कई बीमारियों की शुरुआत होने लगती है। इनमें अधिकतर कई स्किन संबंधी समस्याएं शामिल हैं, जिनमें सनबर्न और टैनिंग की समस्या सबसे आम है। दरअसल, सूर्य की खतरनाक किरणों के संपर्क में आने से स्किन खराब हो जाती है जिसकी वजह से स्किन पर रैशेज, एजिंग, टैनिंग आदि हो जाती हैं। जिससे चेहरा खराब लगने लगता है। ऐसे में इन सब परेशानियों से बचने के लिए आपको पहले से ही कुछ उपाय कर लेने चाहिए। आप चाहें तो कुछ घरेलू उपायों की मदद भी ले सकते हैं। तो चलिए जानते हैं।

**1. नींबू–शहद** : नींबू और शहद में ऐसे गुण पाए जाते हैं जो सन टैन को हटाने में मददगार साबित होते हैं। ऐसे में अगर आप सनबर्न और टैनिंग की समस्या से परेशान हैं तो नींबू–शहद का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक बाउल में थोड़ा सा शहद और नींबू का रस मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। उसके बाद इसे टैनिंग वाली जगह पर 30 मिनट के लिए लगाकर छोड़ दें। फिर 30 मिनट बाद सादा पानी से धो लें। यह न केवल टैनिंग की समस्या को दूर करेगा बल्कि आपकी त्वचा को चमकदार और खूबसूरत भी बनाएगा।

**2. टमाटर** : टमाटर में मौजूद लाइकोपीन और एंटीऑक्सीडेंट डेड स्किन को हटाने का काम करता है। इसके इस्तेमाल के लिए पहले एक टमाटर को स्लाइस में काट लें। फिर इसे प्रभावित जगह पर कुछ देर तक के लिए रगड़ें, और उसके बाद पानी से धो लें। इस तरीके को हफ्ते में दो बार दोहराएं। इससे आपको फर्क दिखने लगेगा।

**3. एलोवेरा** : एलोवेरा सेहत के साथ–साथ बालों और स्किन के लिए भी काफी फायदेमंद माना जाता है। यह आपकी त्वचा पर सनस्क्रीन के रूप में भी काम करता है। इसके इस्तेमाल से सनबर्न, टैनिंग की समस्या को दूर करने से लेकर स्किन को मॉश्चराइज करने का भी काम करता है। इसके इस्तेमाल के लिए एक बाउल में थोड़ा सा एलोवेरा जेल और लैवेंडर तेल मिलाकर मिक्स कर लें। उसके बाद इसे टैनिंग वाली जगह पर लगाएं। यह टैनिंग रीमूव करने में बहुत प्रभावी माना जाता है।

## गर्मियों की छुट्टियों में घूमने का है प्लान, तो इन Hill Stations को भी लिस्ट में करें शामिल



गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों के साथ घूमने का प्लान बना रहे हैं? तो यहां साउथ इंडिया के कुछ बेहतरीन हिल स्टेशन के बारे में बताया गया है. आप इन जगहों पर भी समर वेकेशन को यादगार बना सकते हैं.

**ऊटी**– आप तमिलनाडु में स्थित ऊटी जा सकते हैं. यहां के चाय के बागानों की खूबसूरती आपके मन को मोह लेगी. इसके साथ ही आप टॉय ट्रेन में यात्रा कर सकते हैं. बच्चे इस राइड को खूब एंजॉय करेंगे.

**कूर्ग**– कर्नाटक में स्थित कूर्ग जा सकते हैं. ये गर्मियों की छुट्टियों में घूमने के लिए एक बहुत ही अच्छा विकल्प है. आप यहां ट्रैकिंग और कैपिंग का मजा ले सकेंगे. इसके अलावा यहां घुमावदार कॉफी बागानों में टहलने का मजा ही अलग है.

**मुन्नार**– मुन्नार केरल में स्थित है. आप बच्चों को यहां टी संग्रहालय घूमाने के लिए जा सकते हैं. इस हिल स्टेशन में आप काफी शांत महसूस करेंगे. यहां का हरा–भरा और शांत वातावरण आपके मन को मोह लेगा. हॉर्सले हिल्स दृ हॉर्सले हिल्स आंध्र प्रदेश में एक छोटा और बहुत ही खूबसूरत हिल स्टेशन है. इसकी नेचुरल ब्यूटी आपको बेहद पसंद आएगी. आप यहां कई तरह की एडवेंचर एक्टिविटीज को भी एंजॉय कर सकते हैं. इसमें ट्रैकिंग, रैपलिंग और क्लाइंबिंग जैसी एक्टिविटीज शामिल हैं.

## बवासीर के मरीजों में कब्ज की समस्या को दूर करता है सूरन, जानें इसकी सब्जी खाने के फायदे



बवासीर एक ऐसी बीमारी है जिसमें कि मलद्वार में सूजन हो जाती है। इसके अलावा, बवासीर में मल त्यागना मुश्किल हो जाता है। इस स्थिति को और खराब कर देती है कब्ज की समस्या। दरअसल, कब्ज के कारण ब्लीडिंग बढ़ जाती है और मलद्वार पर और सूजन आ जाती है। ऐसे में इस स्थिति को कम करने के लिए कब्ज को कम करने वाले फूड्स का सेवन करना चाहिए। इसी काम में मददगार है सूरन की सब्जी जी हां, कैसे, जानते हैं।

**बवासीर में सूरन की सब्जी खाने के फायदे–**

**1. सूरन की सब्जी में फाइबर है** : सूरन में फाइबर और रफेज की अच्छी मात्रा होती है जो कि बवासीर के मरीजों के लिए फायदेमंद है। दरअसल, बवासीर की मरीजों की सबसे दिक्कत है कब्ज और सूरन का सेवन इस समस्या को कम करने में मददगार है। ये मल में थोक जोड़ता है और मल को मुलायम बनाता है और इस तरह ये सूरन की सब्जी कब्ज की समस्या को दूर करने में मददगार है।

**2. सूरन की सब्जी खाना मेटाबोलिक रेट बढ़ाता है** : सूरन की सब्जी खाना शरीर का मेटाबोलिक रेट बढ़ाता है। जब आप इसे खाते हैं तो ये पानी सोख लेता है और पेट के काम काज को तेज करता है और इस तरह ये पेट का मेटाबोलिक रेट बढ़ाता है। इससे भी बवासीर में होने वाली कब्ज की समस्या दूर होती है।

**सूरन की सब्जी की रेसिपी**– सूरन की सब्जी बनाने के लिए पहले आप सूरन को काट कर उबाल लें। अब एक कड़ाही में तेल, सरसों और करी पत्ते का तड़का लगाएं। उसके बाद इस सब्जी में टमाटर और प्याज मिलाएं। ऊपर से हल्का सा हल्दी और धनिया पाउडर मिलाएं। थोड़ी देर भूनें और उसके बाद पानी मिलाएं। नमक मिलाएं और इसका सेवन करें। तो, आपको बवासीर की समस्या है तो सूरन की सब्जी जरूर खाएं।

## शुगर पेशेंट्स की दुश्मन होती हैं ये सब्जियां... बड़ी खामोशी से बढ़ा देती हैं ब्लड शुगर, जान लें इनके नाम



सही खाना–पीना और डेली एक्सर्साइज करना बहुत जरूरी होता है. क्योंकि ये चीजें ब्लड शुगर को डायरेक्टली प्रभावित करती हैं. आपको बहुत अधिक कॉन्शियस रहकर अपनी डायट चुननी चाहिए क्योंकि ऐसा करके आप खुद को लंबे समय तक हेल्दी रख सकते हैं. यहां हम उन खास सब्जियों के बारे में बात करेंगे जिन्हें ब्लड शुगर पेशेंट्स को नहीं खाना चाहिए. क्योंकि इन्हें खाने से आपका ब्लड शुगर तुरंत बढ़ जाता है...

शुगर पेशेंट को कौन–सी सब्जी नहीं खानी चाहिए?

कॉर्न यानी मक्का
मटर, शकरकंद
आलू (खासतौर पर डीप फ्राई किया गया आलू)
गाजर
चुकंदर
कद्दू

**अगर खाना ही है तो कैसे खाएं?** : अब ये तरीका भी जान लीजिए कि अगर आप इन सब्जियों को खाना ही चाहते हैं तो कैसे खा सकते हैं...जैसे, गाजर, चुकंदर, आलू, मटर इत्यादि ये सभी ऐसी सब्जियां हैं जिन्हें खाना या इनका जूस पीना सभी को अच्छा लगता है. लेकिन क्योंकि ये शुगर पेशेंट्स के लिए हानिकारक होती हैं इसलिए आप इन्हें अधिक मात्रा में तो नहीं खा सकते. लेकिन बैलेंस डायट के रूप में इनका सेवन कर सकते हैं.

जैसे, आप अपनी डायट के 90 प्रतिशत हिस्से में ऐसे फूड्स और सब्जियां शामिल करें, जिनमें कार्बोहाइड्रेट्स और शुगर कम तथा फाइबर ज्यादा हो और बाकी का 10 प्रतिशत हिस्सा इन सब्जियों के रूप में खाएं. ऐसा करके आप इन सब्जियों का स्वाद भी ले पाएंगे और शुगर भी नहीं बढ़ेगी.

**शुगर के मरीजों को कौन–सी सब्जियां खानी चाहिए?**

मेथी
पुदीना
पालक
शतावरी
सहजन (ड्रम स्टिक)
ब्रोकली
लहसुन
प्याज
हरी प्याज
करेला
तोरी

**सब्जियां चुनने का सही तरीका:** कहीं भी एक साथ सभी सब्जियों के नाम बताना संभव नहीं है कि शुगर पेशेंट्स को इन्हें खाना चाहिए या नहीं. इसलिए किसी भी सब्जी के बारे में कुछ जरूरी जानकारी जुटाकर आप ये जान पाएंगे कि ये आपके लिए सही है या नहीं. जैसे, जिन सब्जियों में कार्बोहाइड्रेट्स कम होता है या कॉम्प्लैक्स टाइप का कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है और फाइबर ज्यादा होता है, शुगर पेशेंट्स इन्हें आराम से खा सकते हैं. लेकिन जिन सब्जियों में कार्बोहाइड्रेट अधिक होता है, शुगर लेवल हाई होता है और फाइबर कम होता है, ये सब्जियां शुगर पेशेंट्स को नहीं खानी चाहिए.

## हर Interview में पूछे जाते हैं ये 5 सवाल, अगर कर ली इनकी तैयरी तो सेकेक्शन पक्का



जो स्टूडेंट्स इस साल कॉलेज से पास आउट होने वाले हैं, और यह सोच रहे हैं कि कैंपस प्लेसमेंट के दौरान जब कई कंपनियां उनके कॉलेज आएंगी और उनका इंटरव्यू लेगी, तो वो उनसे कौस से किस तरह के सवाल पूछेगी, तो आप यह खबर आपके लिए ही है. दरअसल, किसी भी फ्रेशर के लिए उसका पहला इंटरव्यू काफी महत्वपूर्ण और तनावभरा रहता है. उसे नहीं पता होता कि एक कंपनी का एचआर उससे क्या सवाल करेगा और उसका असल में क्या मतलब होगा. आसान भाषा में कहें, तो एचआर के हर सवाल का एक मतलब होता है और उसे उसके मतलब का आंसर ना मिलने पर वो कैंडिडेट्स को जॉब ऑफर नहीं करता हैं. इसलिए आज हम आपको बताएंगे कि एक HR इंटरव्यू के दौरान कौन से सवाल पूछता है, और कैंडिडेट्स को उसका क्या जवाब देना चाहिए.

**सवाल 1 – आप अपने बारे में बताइए?**

एक एचआर इंटरव्यू के दौरान किसी भी कैंडिडेट से यह सवाल इसलिए पूछता है, तो उसका सीधा मतलब यह होता कि वह आपसे आपके बारे में वो बात जानना चाह रहा है, जो आपके सीवी में ना लिखी हो.

**सवाल 2 – आपने यही करियर ऑप्शन क्यों चुना?**

यह सवाल एक एचआर के नजरिये से काफी खास होता है. एक एचआर जब आपसे यह सवाल करता है, तो वह आपसे यह जानना चाहता है कि आपकी वास्तव में इस फील्ड में रुचि है या नहीं. इंटरव्यू के दौरान पूछे जाने वाला यह सवाल सबसे अहम होता है.

**सवाल 3 – बताएं आपकी ड्रीम जॉब क्या है?**

यह सवाल भी अक्सर इंटरव्यू में पूछ ही लिया जाता है. ऐसे में एक कैंडिडेट को इस सवालों को बड़े ही ध्यान से सुनना चाहिए और फिर उसका जवाब दोना चाहिए. हालांकि, इस सवाल के जवाब में एचआर यह जानना चाहता है कि आखिर कैंडिडेट के लक्ष्य क्या हैं और ऐसा क्या है जो उन्हें प्रेरित करता है. इसलिए आप इस सवाल का अच्छे से जवाब तैयार करके जाएं.


**सवाल 4 – आप स्ट्रेस और प्रेशर को किस प्रकार और कैसे हैंडल करते हैं?**

दरअसल, स्ट्रेस और प्रेशर में काम करना जीवन का ही एक हिस्सा है. हालांकि, यह हर इंसान के लिए अगर होता है. इसलिए एचआर हर कैंडिडेट से यह सवाल जरूर पूछता है. वो बस आपसे यह जानना चाहता है कि क्या आप स्ट्रेस और प्रेशर की स्थिति में भी कंपनी के लिए काम कर पाएंगे कि नहीं.

**सवाल 5 – आप कितनी सैलरी की उम्मीद कर रहे हैं?**

एक एचआर द्वारा सबसे आखिरी में यह सवाल पूछा जाता है और वो भी तब जब कैंडिडेट का इंटरव्यू अच्छा गया हो. लेकिन बात दें कि एक फ्रेशर को इसका जवाब बेहद सोच–समझ कर देना चाहिए, वो चाहे तो नेट पर या अपने सीनियर्स व जानने पहचानने वालों से इस पोस्ट के लिए फ्रेशर को मिलने वाली सैलरी के बारे में पता कर सकते हैं.

## ये हैं 8 लो बजट वाली क्लासिक फिल्में, सस्ती और टिकाऊ, बार-बार देखने का करेगा मन




**नई दिल्ली.** ऐसा नहीं है कि फिल्मों पर अगर मेकर्स करोड़ों रुपये खर्च करेंगे तभी फिल्म हिट होगी. बॉलीवुड में ऐसी एक नहीं कई फिल्में बनी हैं, जिनकी कहानी और गानों में इतना दम रहा कि लोगों ने उन्हें खूब प्यार दिया. मेकर्स ने इन फिल्मों पर ज्यादा पैसे खर्च नहीं किए और इन फिल्मों मे बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर डाली. फिल्में ऐसी हैं, जिनको देखने का मन बार–बार करता है. 1957 में फिल्म आई 'प्यासा', जिसको गुरु दत्त ने निर्देशित किया था. ये भारतीय सिनेमा की क्लासिक फिल्म है. ये फिल्म उस दौर में मात्र 3.5 लाख रुपये में बनकर तैयार हुई थी. इस फिल्म के गानें तो लोग आज भी गुनगुनाते हैं.

फिल्म 'आशिकी' साल 1990 की कल्ट क्लासिक फिल्मों में से एक है. जिसके गानें और कहानी लोगों को बेहद पसंद आती है. ये फिल्म आज से 33 साल पहले मात्र 50 लाख के बजट में बनी थी. फिल्म को महेश भट्ट ने निर्देशित किया था.

'तेरे नाम' सलमान खान की वो फिल्म जिसको फैंस ने रिलीज होने के दूसरे हफ्ते से प्यार देना शुरू किया और फिर इतना प्यार दिया कि फिल्म को ब्लॉकबस्टर बना दिया. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की और ये फिल्म उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में टॉप पर शुमार हो गई. फिल्म का क्रेज लोगों में इतना है कि आज भी फैंस फिल्म के साथ इसके गानों को भी बहुत पसंद करते हैं. फिल्म को बनाने में 6 करोड़ का बजत लगा था.

ब्लॉकबस्टर फिल्म बनानी है तो उसके लिए तगड़ा बजट चाहिए. कहानी और कलाकार अच्छे हों तो फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर सकती है. इसका उदाहरण फिल्म 'भेजा फ्राई' बनीं. साल 2007 में रिलीज हुई ये फिल्म सिर्फ 60 लाख में बनी थी, लेकिन रिलीज होने पर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 18 करोड़ से ज्यादा की कमाई की. साल 2008 में फिल्म आई 'द वेडनेसडे'. ये फिल्म मात्र 4 करोड़ में बनकर तैयार हुई थी. फिल्म ऑफिस पर हिट साबित हुई और फिल्म ने काफी अवार्ड जीते थे. फिल्म ने 16.6 करोड़ की धुआंधार कमाई की थी. कम बटज की फिल्मों का बात हो तो 'विक्की डोनर' को कैसे भूल सकते हैं. साल 2012 में आई इस फिल्म को जॉन अब्राहम के प्रोडक्शन हाउस ने प्रोड्यूस किया था. बॉक्स ऑफिस पर फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी. फिल्म मात्र 5 करोड़ में बनकर तैयार हुई थी. रोमांटिक कॉमेडी फिल्म का निर्देशन शूजीत सरकार द्वारा किया गया था. फिल्म 'लव शव ते चिकन खुराना' भी साल 2012 में सिर्फ 6 करोड़ में बनकर तैयार हुई थी. बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने कमाल दिखाया था. फिल्म सुपरहिट साबित हुई. साल 2013 में फिल्म आई 'रांझणा'. ये फिल्म मात्र 25 करोड़ में बनकर तैयार हुई थीं, जिसने लागत से तीन गुनी कमाई की था, यानि फिल्म ने 100 करोड़ की वर्ल्ड वाइड कलेक्शन की थी. फिल्म रांझणा आनंद एल राय द्वारा निर्देशित और कृशिका लुल्ला द्वारा निर्मित थी. बॉलीवुड की इस रोमांटिक फिल्म में धनुष और सोनम कपूर साथ नजर आए थे.

## 2800 करोड़ के मालिक हैं सलमान; फिर भी पहनते हैं फटा जूता, वजह कर देगी हैरान



सलमान खान बॉलीवुड के सबसे अमीर ऐक्टरों में से हैं, लेकिन उनकी लाइफ स्टाइल की खबरें लोगों को हैरान करती हैं. वह अपने माता–पिता के साथ रहने के लिए उसी बिल्डिंग में दो कमरों के छोटे–से फ्लैट में रहते हैं. सादा खाना खाते हैं, साइकिल पर घूमते हैं. उनकी चैरिटी के किस्से भी समय–समय पर सामने आते रहते हैं. सलमान ने बीते तीन दशक में अच्छी खासी कमाई की है और मीडिया रिपोर्टों की मानें तो आज वह 2800 करोड़ रुपये के मालिक हैं. इसके बावजूद अगर वह फिल्म की शूटिंग के सैट पर फटे जूते पहनकर पहुंचते हैं तो किसी का भी चकित होना स्वाभाविक है. सलमान के बारे में यह बात हाल में सामने आई, जब उनके साथ किसी का भाई किसी की जान में काम करने वाले दो कलाकारों ने यह राज खोला. फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू कर रहीं पलक तिवारी और जस्सी गिल ने अपने मीडिया साक्षात्कारों में बताया है कि किसी का भाई किसी की जान के सेट पर सलमान खान अक्सर फटे जूते पहन कर आते थे.

## 'द केरल स्टोरी' के विवादों पर एक्ट्रेस अदा शर्मा ने सबूत के साथ दिया जवाब, विपुल शाह ने छेड़ी बैन के खिलाफ जंग



बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा और प्रोड्यूसर विपुल अमृतलाल शाह इन दिनों काफी सुर्खियों में छाए हैं। इनकी फिल्म 'द केरल स्टोरी' को बॉक्स ऑफिस पर दमदार रिस्पॉन्स मिला है। लेकिन अब भी कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं। कुछ राज्यों में फिल्म के प्रसारण पर बैन भी लगा है। जिसके बाद अब अदा शर्मा ने सबूत के साथ विराध करने वालों को करारा जवाब दिया है। इसके साथ ही विपुल शाह ने भी बैन के विरोध में आवाज उठाई है।

**क्या बोलीं अदा शर्मा** : अदा शर्मा ने ट्विटर पर लिखा, "और कुछ लोग अभी भी फिल्म 'द केरल स्टोरी' को एक प्रोपेगैंडा फिल्म कह रहे हैं। वह कई भारतीय फिल्मों के टेस्टिमोनियल्स देखकर ये कह रहे हैं कि ऐसी घटनाएं हुई ही नहीं हैं। मेरा आप सबसे विनम्र अनुरोध है कि बस आप गूगल पर ये दो शब्द आईएसआईएस और ब्राइड्स टाइप करें, शायद गोरी लड़कियों का अकाउंट है, जो आपको बता सकता है कि हमारी भारतीय फिल्म की कहानी सच्ची है।"

**विपुल शाह ने उठाई आवाज** : जहां फिल्म को कई लोगों का समर्थन मिला है और बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है, वहीं कुछ ने इसे प्रोपेगैंडा होने का आरोप लगाया है और प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है। जवाब में, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शांति बनाए रखने और संभावित अपराधों और हिंसा को रोकने के बारे में चिंताओं का हवाला देते हुए फिल्म पर प्रतिबंध लगा दिया है। निर्माता विपुल अमृतलाल शाह ने अब प्रतिबंध का जवाब दिया है और इसके खिलाफ लड़ने की कसम खाई है। सोमवार की रात विपुल अमृतलाल शाह ने अपनी फिल्म 'द केरला स्टोरी' पर पश्चिम बंगाल के प्रतिबंध का जवाब दिया। इस बारे में बात करते हुए उन्होंने एएनआई से कहा, "अगर उन्होंने ऐसा किया है, तो हम कानूनी कार्रवाई करेंगे। कानून के प्रावधानों के तहत जो भी संभव होगा, हम लड़ेंगे।"

**ऐसी है फिल्म की कहानी:** 'द केरल स्टोरी' में एक्ट्रेस अदा शर्मा ने एक हिंदू मलयाली नर्स शालिनी उन्नीकृष्णन नाम का किरदार निभाया है, जो कुछ लोगों के बहकावे में आकर मुस्लिम धर्म अपनाकर फातिमा बन जाती है। वह उन 32,000 महिलाओं में शामिल हैं, जो केरल से लापता हो गईं और बाद में आईएसआईएस (इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया) में भर्ती हो गईं। 'द केरल स्टोरी' को सुदीप्तो सेन ने लिखा और निर्देशित किया है और इसमें अदा शर्मा, योगिता बिहानी, सिद्धि इडनानी और सोनिया बलानी ने अभिनय किया है।

## विद्या बालन की आगामी फिल्म 'नीयत' सात जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी




**मुंबई,** अभिनेत्री विद्या बालन की आगामी फिल्म 'नीयत' सात जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विक्रम मल्होत्रा के 'एबंडेंशिया एंटरटेनमेंट' द्वारा निर्मित और 'प्राइम वीडियो' द्वारा सह–निर्मित फिल्म 'नीयत' का निर्देशन अनु मेनन ने किया है। फिल्म में विद्या बालन एक जासूस की भूमिका में हैं जो एक अरबपति की पार्टी में रहस्यमयी हत्याओं की जांच करती है। फिल्म 'नीयत' की पटकथा, निर्देशक अनु मेनन के साथ प्रिया वेंकटरमण, अद्वैत काला और गिरवानी ध्यानी ने लिखी है। फिल्म के संवाद कौसर मुनीर ने लिखे हैं। फिल्म "नीयत" में विद्या बालन के अलावा राम कपूर, राहुल बोस, नीरज काबी, अमृता पुरी, शहाना गोस्वामी, निकी वालिया, दीपानिता शर्मा, शशांक अरोड़ा, प्राजक्ता कोली, दानेश रज़वी, इशिका मेहरा और माधव देवल भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## 'पोन्नियिन सेलवन 2' का दुनियाभर में कमाई का आंकड़ा 300 करोड़ रुपये के पार




**चेन्नई,** फिल्म निर्देशक मणिरत्नम की फिल्म 'पोन्नियिन सेलवन' के दूसरे भाग ने दुनियाभर में 300 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म निर्माताओं ने सोमवार को यह जानकारी दी। फिल्म 'पोन्नियिन सेलवन' का दूसरा भाग 28 अप्रैल को पांच भाषाओं तमिल, हिंदी, कन्नड़, तेलुगु और मलयालम में रिलीज हुआ था। मणिरत्नम के प्रोडक्शन बैनर 'मद्रास टॉकीज' ने अपने आधिकारिक ट्विटर पेज पर लिखा, ''पोन्नियिन सेलवन–2 ने 300 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की कमाई करके दुनियाभर में धूम मचा दी है।'' लेखक कल्कि कृष्णमूर्ति के 1955 के इसी नाम के लोकप्रिय तमिल उपन्यास पर आधारित इस फिल्म में विक्रम, ऐश्वर्या राय बच्चन, कार्ति, जयम रवि, त्रिशा, शोभिता धूलिपाला और प्रकाश राज सहित कई अन्य कलाकार हैं। इससे पहले इस फिल्म का पहला भाग सितंबर 2022 में रिलीज हुआ था।



FOCUS NEWS

# प्रधानमंत्री बुधवार को राजस्थान में 5,500 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे



**नयी दिल्ली/जयपुर,** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को राजस्थान में 5,500 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। एक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। जयपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक प्रवक्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री सिरोही जिले के आबू रोड में पार्टी द्वारा आयोजित एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की जाने वाली परियोजनाओं के केंद्र में बुनियादी ढांचे और संपर्क की मजबूती है। उसके मुताबिक इनसे सड़क और रेलवे कार्यों से वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही में सुविधा होगी, व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र में लोगों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। मोदी राजसमंद और उदयपुर में दो लेन में उन्नयन के लिए सड़क निर्माण परियोजनाओं और उदयपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए आधारशिला रखेंगे।

वह राजसमंद में नाथद्वारा से नाथद्वारा शहर तक आमान परिवर्तन परियोजना और एक नई लाइन स्थापित करने के लिए आधारशिला भी रखेंगे। मोदी तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इनमें राष्ट्रीय राजमार्ग–48 के 114 किलोमीटर लंबे छह लेन वाले उदयपुर से शामलाजी खंड, राष्ट्रीय राजमार्ग–25 के बार–बिलाड़ा–जोधपुर खंड में 110 किलोमीटर लंबे चौड़ीकरण और चार लेन को मजबूत करना और राष्ट्रीय राजमार्ग–58ई की 47 किलोमीटर लंबी दो लेन की परियोजनाए शामिल हैं। प्रधानमंत्री एक धार्मिक संगठन ब्रह्माकुमारीज के शांतिवन परिसर का भी दौरा करेंगे। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री का विशेष ध्यान देश भर में आध्यात्मिक कायाकल्प को गति देने पर रहा है। वह सुपर स्पेशियलिटी चैरिटेबल ग्लोबल हॉस्पिटल, शिवमणि वृद्धाश्रम के दूसरे चरण और नर्सिंग कॉलेज के विस्तार की आधारशिला रखेंगे। यह अस्पताल आबू रोड में 50 एकड़ के क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा। यह विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करेगा और क्षेत्र में गरीबों और आदिवासी लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद साबित होगा।


# किसी को यह गलतफहमी न हो कि उसके कारण बची सरकार: खाचरियावास



**जयपुर, (भाषा)** राजस्थान के कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने मंगलवार को कहा कि किसी को यह गलतफहमी नहीं होनी चाहिए कि उसके कारण कांग्रेस सरकार बची। खाचरियावास ने बिना किसी का नाम लिए यहां कहा कि सरकार उन 102 विधायकों की वजह से बची जिन्हें कांग्रेस आलाकमान और पार्टी नेताओं राहुल गांधी व सोनिया गांधी के चेहरे पर भरोसा था। मंत्री की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब गहलोत और पायलट आमने–सामने हैं। गहलोत ने रविवार को कहा था कि उनकी सरकार 2020 के राजनीतिक संकट से बच गई क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे तथा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक कैलाश मेघवाल ने उनकी सरकार को गिराने की साजिश का समर्थन नहीं किया। तत्कालीन उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट और 18 अन्य कांग्रेस विधायकों ने जुलाई 2020 में मुख्यमंत्री गहलोत के नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह कर दिया था। खाचरियावास ने यहां संवाददाताओं से कहा, "किसी को यह गलतफहमी नहीं होनी चाहिए कि उनकी वजह से कांग्रेस सरकार बची। सरकार 102 विधायकों के कारण बची, जिन्हें कांग्रेस आलाकमान और पार्टी नेताओं राहुल गांधी और सोनिया गांधी के चेहरे पर भरोसा था।"

उन्होंने 2020 में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली सरकार पर आए राजनीतिक संकट का जिक्र करते हुए कहा कि जब सरकार पर संकट आया तो वह 'फ्रंट फुट' पर लड़े और 102 विधायकों ने भी सोनिया गांधी और राहुल गांधी के मजबूत नेतृत्व पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा, "यही कारण है कि राजस्थान में सरकार बच गई। सरकार सोनिया गांधी और राहुल गांधी के बिना नहीं चल सकती थी और तब 102 विधायकों ने उन पर और उनके भेजे गए दूत केसी वेणुगोपाल, रणदीप सुरजेवाला और अजय माकन पर भरोसा जताया था।"

# विधानसभा चुनाव: जद(एस) के लिए अस्तित्व की लड़ाई या फिर बनेंगे किंगमेकर?



**बेंगलुरू, (भाषा)** कर्नाटक विधानसभा के 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव में सभी की नजरें इस ओर भी लगी हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा नीत जनता दल (सेक्युलर) के लिए यह राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई होगा या क्षेत्रीय पार्टी एक बार फिर 'किंग' या 'किंगमेकर' बनकर उभरेगी जैसा कि 2018 में त्रिशंकु जनादेश की स्थिति में हुआ था। पिछले कुछ चुनावों की तरह ही इस बार भी राजनीतिक दायरों में इस बारे में बात हो रही है। दलबदल और आंतरिक कलह से त्रस्त, तथा एक "पारिवारिक पार्टी" होने की छवि के साथ, देवगौड़ा के बेटे एच डी कुमारस्वामी ने एक तरह से अकेले अपने दम पर राज्य भर में जद (एस) के प्रचार का प्रबंधन किया, जिसमें उनके वृद्ध पिता पीछे रहे। कुमारस्वामी ने अपने अभियान को 'पंचरत्न' नामक कार्यक्रम पर केंद्रित किया जिसमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, आवास, किसान कल्याण और रा.जगार के मुद्दों को शामिल किया गया और कहा कि इन्हें जद (एस) के सत्ता में आने पर लागू किया जाएगा। हालांकि 89 वर्षीय देवेगौड़ा शुरुआत में उम्र संबंधी बीमारियों के कारण चुनाव प्रचार से दूर रहे, लेकिन उन्होंने पिछले कुछ सप्ताह में जद (एस) के उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया, विशेष रूप से पार्टी के गढ़ माने जाने वाले पुराने मैसूर क्षेत्र में। उन्होंने अपनी पार्टी के खिलाफ कांग्रेस और भाजपा के हमलों का मुकाबला किया। दोनों राष्ट्रीय दलों द्वारा जद (एस) को एक–दूसरे की 'बी टीम' बताया जाता रहा है। वर्ष 1999 में अपने गठन के बाद से, जद (एस) ने कभी भी अपने दम पर सरकार नहीं बनाई, लेकिन दोनों राष्ट्रीय दलों के साथ गठबंधन में वह दो बार सत्ता में रहा। फरवरी 2006 से वह भाजपा के साथ 20 महीने सरकार में रहा और मई 2018 के विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के साथ 14 महीने सरकार में रहा जिसके मुख्यमंत्री कुमारस्वामी रहे। इस बार, पार्टी ने कुल 224 सीट में से कम से कम 123 सीट जीतकर अपने दम पर सरकार बनाने के लिए "मिशन 123" का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। हालांकि, कई राजनीतिक पर्यवेक्षकों और पार्टी के भीतर भी एक तबके को यह लक्ष्य प्राप्त होने को लेका संदेह है।

# सचिन पायलट का गहलोत पर बड़ा प्रहार, सोनिया गांधी नहीं वसुंधरा राजे है सीएम की नेता



**नई दिल्ली।** राजस्थान कांग्रेस में एक बार फिर से घमासान मच गया है। पार्टी के चल रही अंदरूनी कलह खुलकर सबके सामने आ गई है। कांग्रेस नेता सचिन पायलट और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बीच जंग अब और तेजी होती दिखाई दे रही है। इसी क्रम में मंगलवार को सचिन पायलट ने सीएम गहलोत पर बड़ा प्रहार किया है। साथ ही उन्होंने अशोक गहलोत पर बड़ा आरोप लगाया है। इसके साथ ही उन्होंने अजमेर से जयपुर तक पांच दिन की पदयात्रा निकालने का भी ऐलान किया है। पायलट ने सीएम गहलोत के धौलपुर में दिए गए बयान पर पलटवार किया है। सचिन पायलट ने जयपुर में मीडिया को संबोधित करते कहा, मैंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का धौलपुर का भाषण सुना, उसे सुनकर ऐसा लगता है कि उनकी नेता सोनिया गांधी नहीं बल्कि वसुंधरा राजे सिंधिया हैं। एक तरफ यह कहा जा रहा है कि हमारी सरकार को गिराने का काम भाजपा कर रही थी, दूसरी तरफ कहा जाता है कि सरकार को बचाने का काम वसुंधरा राजे कर रही थी। जो विरोधाभास है इसको समझना चाहिए। आप कहना क्या चाहते हैं, आपको स्पष्ट करना चाहिए"। पायलट ने सीएम गहलोत पर हमला बोलते हुए कहा कि, "मुझे बहुत कुछ कहा गया कोरोना, गद्दार आदि। मैं ढाई साल से यह सब सुन रहा था लेकिन हम चुप थे क्योंकि हम अपनी पार्टी को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहते थे लेकिन अपने ही विधायकों और नेताओं को बदनाम करना और भाजपा का गुणगान करना मेरे समझ से परे है।"

आगे सचिन पायलट ने ऐलान किया कि, वो 11 मई को अजमेर से एक यात्रा निकालूंगा। जनता के बीच जाकर जनता की आवाज सुनेंगे। जन के मुद्दों को उठाएंगे। जनता जर्नादन है जनता के बीच जाना हमारा दायित्व बनता है और जो करप्शन और नौजवानों के इश्यू है जो पेपर लीक और पेपर कैसिंल और नौजवानों के हितों से जुड़े मुद्दे को उठाकर मैं एक जन संघर्ष यात्रा निकालने जा रहा हूं। जो 11 तारीख को अजमेर से शुरू होगी और हम जयपुर की तरफ आएंगे। यह 125 किमी की यात्रा होगी।सही निर्णय तब लिए जाएंगे जब जनता का पूरा साथ होगा। गौरलतब है कि सीएम अशोक गहलोत ने धौलपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे और कैलाश मेघवाल समेत भाजपा के 3 नेताओं ने उनकी सरकार को गिरने से बचाया था। हालांकि उनके इस बयान के बाद वसुंधरा राजे ने पलटवार भी किया था। उन्होंने कहा कि गहलोत झूठ बोल रहे हैं क्योंकि इस साल विधानसभा चुनाव होने है और उन्हें हारने का डर है।

# कर्नाटक चुनाव हम भारी बहुमत से जीतेंगे: गहलोत

**जयपुर, (भाषा)** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को दावा किया कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की भारी बहुमत से जीत होगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राजस्थान में भी कांग्रेस की सरकार 'रिपीट' होगी और ऐसी भावना जनता में पैदा होने लगी है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बारे में पूछे जाने पर गहलोत ने उदयपुर में संवाददाताओं से कहा, ''लगता है कि चुनाव जीतेंगे हम भारी बहुमत से। वहां आम जनता में बात चली गई है कि इस बार सरकार कांग्रेस की आएगी।'' गहलोत ने कहा, ''जैसे यहां राजस्थान में आम बात फैलने लगी है कि इस बार कांग्रेस की सरकार 'रिपीट' होगी। आम जनता में यह भावना पैदा होने लग गई है। जब आम जनता में ऐसी भावना पैदा होती है तो उसे कोई रोक नहीं सकता। फिर चाहे (केंद्रीय गृह मंत्री) शाह जी आएं या (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी आएं या और कोई आएं।'' उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में विधानसभा की 224 सीटों के लिए 10 मई को मतदान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार के 'महंगाई राहत शिविर' को लेकर लोगों में उत्साह और खुशी है क्योंकि इससे योजना का लाभ हर लाभार्थी परिवार तक सुनिश्चित हो रहा है। गहलोत मंगलवार को उदयपुर व भीलवाड़ा जिले में ऐसे शिविरि का अवलोकन करने वाले हैं। इससे पहले गहलोत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का उदयपुर पहुंचने पर स्वागत किया। उनके साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी मौजूद थे।

# राजस्थान नगर निकाय उपचुनाव में लहराया भगवा, विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी की बड़ी जीत

राजस्थान में 12 जिलों की 14 सीटों के लिए हुए शहरी स्थानीय निकाय उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 8 सीटें, कांग्रेस ने 4 जबकि निर्दलीयों ने दो सीटों पर कब्जा जमाया। राज्य चुनाव आयुक्त मधुकर गुप्ता ने कहा, "कुल 14 वार्ड पार्षदों में से आठ उम्मीदवार भारतीय जनता पार्टी से, चार उम्मीदवार कांग्रेस से और दो उम्मीदवार निर्दलीय चुने गए हैं।" भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि लोगों ने राज्य में कांग्रेस शासन के खिलाफ बिगुल फूंक दिया है। जोशी ने कहा, "नतीजों ने साबित कर दिया कि लोगों ने कांग्रेस के कुशासन, भ्रष्टाचार और जंगल राज के खिलाफ अपनी राय जाहिर कर दी है।"

# जंगली जानवरों के साथ रहने में पुरातत्वविद हमारी मदद कैसे कर सकते हैं



**लंदन, (द कन्वरसेशन)** हजारों सालों से, ब्रिटिश द्वीपों में लोग जंगली जानवरों के साथ रहते थे और भोजन और कपड़ों के लिए उन पर निर्भर थे। उनके आसपास हिरण, सूअर, भेड़िये, लिंक्स और ऊदबिलाव जैसे प्राणियों की प्रजातियां भरी हुई थी। फिर खेती, जनसंख्या वृद्धि और औद्योगीकरण आया। कई जीवों का शिकार किया गया और वह प्रजातियां लुप्त हो गईं और उनके आवास औद्योगीकरण की भेंट चढ़ गए। पुरातत्व अनुसंधान समय से पीछे जाकर मानव और जंगली जानवरों के संबंधों की जांच करता है। प्राचीन हड्डियाँ और दाँत इन जटिल संबंधों को प्रकट करते हैं। आज, शहरी लोमड़ियों से लेकर पेड़ गिराने वाले ऊदबिलाव और जंगली सूअरों तक, जंगली जानवरों और लोगों के बीच मुलाकात अक्सर खबरों में रहती है। यहां तक कि लाल हिरण की संख्या पर नियंत्रण की बात हो रही है और कुछ स्थानों पर इसके पूर्ण उन्मूलन पर जोर है। खेती पर निर्भरता से पहले हिरण ब्रिटिश आहार का मुख्य आधार थे, मेरे शोध से पता चलता है कि वे 15 वीं शताब्दी से पहले तक एक महत्वपूर्ण खाद्य स्रोत बने रहे। फिर मध्य युग में हिरण शाही शिकार का संरक्षण बन गया और बाद में फीस देकर शिकार करने वाले शिकारियों का पसंदीदा शिकार बन गया। आज वे अक्सर उन समुदायों द्वारा हिकारत के रूप में देखे जाते हैं जिन पर वे प्रभाव डालते हैं। कोविड–19 और जलवायु परिवर्तन सहित विभिन्न कारकों के संयोजन ने हिरणों की संख्या में वृद्धि देखी है और इन्होंने परिदृश्य और उद्यान दोनों को प्रभावित किया। वे सड़कों पर दुर्घटनाओं का कारण भी बनते हैं और लाइम रोग फैलाने में मदद करते हैं। जंगली जानवरों के रूप में, वे किसी के स्वामित्व में नहीं होते हैं और अगर किसी के द्वारा पकड़ लिए जाते हैं या मार दिए जाते हैं, तो वह उसकी संपत्ति बन जाते हैं। ऐसा करने वाले आमतौर पर उस भूमि के मालिक होते हैं जिसमें वे निवास करते हैं। भूमि के मालिक अधिकांश झुंडों का प्रबंधन करते हैं और शुल्क के लिए शिकार की सुविधा प्रदान कर सकते हैं। हिरन का मांस बेचा जा सकता है, लेकिन मांस के लिए शवों की जांच के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी और बाजारों की कमी के कारण इनका मांस अक्सर बेकार हो जाता है। आम तौर पर खाल को महत्व नहीं दिया जाता है और सींगों को कुत्तों के चबाने के में लिए बेचा जाता है।

**दक्षिण उइस्ट :** मार्च 2023 में, स्कॉटिश द्वीप दक्षिण उइस्ट पर लाल हिरण और स्थानीय लोगों के बीच तनाव संकट की हद तक पहुंच गया। 1,198 जानवरों के एक पूरे झुंड को खत्म करने का इरादा किया गया, क्योंकि उनका व्यवहार स्थानीय लोगों को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा था। दोनों पक्षों के तर्क उनके इतिहास, उपयोग और मूल्य पर केंद्रित थे। एक पशु पुरातत्वविद् के रूप में, मेरे शोध से पता चला है कि 5,000 साल पहले लाल हिरण को भोजन के लिए स्कॉटिश द्वीपों में ले जाया गया था। किसी भी तरह के शिकारियों की अनुपस्थिति में, लाल हिरण के बछड़ों और वयस्कों दोनों की हत्या (और खाने) करके उनकी संख्या को नियंत्रित किया जाता था। खालों पर काम किया जाता था और बारहसिंगों से सालाना मिलने वाले मूल्यवान सींगों का इस्तेमाल खूबसूरती से तैयार किए गए औजारों और अलंकरणों को बनाने के लिए किया जाता था। लाल हिरणों को द्वीपों पर और बाहर दोनों जगह प्रारंभिक कला में दर्शाया गया है। मुख्य भूमि स्कॉटलैंड पर हाल ही में शानदार रॉक कला की खोज ने इस अवधि के दौरान उनके सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला है। ब्रिटेन की अधिकांश मुख्य भूमि के विपरीत, हिरण एक महत्वपूर्ण द्वीप भोजन बना रहा और हाल तक फलता–फूलता रहा। 20वीं शताब्दी में, नए जानवरों को मुख्य भूमि से लाया गया था। आनुवंशिक विश्लेषण से पता चलता है कि इन हिरणों ने मौजूदा आबादी को पूरक बनाया और झुंड फिर से स्थापित हो गए। पिछले दशकों में पूरे ब्रिटेन में हिरणों की संख्या 1970 के दशक में 450,000 से बढ़कर आज 20 लाख हो गई है – 1,000 वर्षों का उच्चतम स्तर। एक हालिया गणना में पाया गया कि दक्षिण उइस्त हिरण की संख्या 2015 में लगभग 800 से बढ़कर आज 1200 हो गई है। यह पैटर्न लुईस और हैरिस के द्वीप में भी देखने को मिल रहा है। साथ ही उनके द्वारा फैलाई जाने वाली बीमारी का प्रसार बढ़ गया है।

**प्रबंध :** हिरणों के झुंड को स्पष्ट रूप से प्रबंधित करने की आवश्यकता है, लेकिन इसमें भी एक समस्या है। उन्हें मारने के लिए प्रशिक्षित व्यक्तियों की आवश्यकता होती है, साथ ही यह सुनिश्चित करना जरूरी होता है कि जानवर पीड़ित न हों। भुगतान करने वाले शिकारी कुछ रकम चुकाते हैं, लेकिन हिरण प्रभावित समुदायों में रहने वाले सभी लोगों को हिरण की कीमत का अंदाजा नहीं होता। पहले की तरह, हिरन का मांस, सींग और खाल सभी मूल्यवान वस्तुएँ हैं। शिकारियों की अनुपस्थिति में, संतुलन बनाए रखने के लिए मनुष्यों को ऐसे वन्य जीवन को सक्रिय रूप से प्रबंधित करने की आवश्यकता है। जीवित और मृत दोनों तरह के लाल हिरणों की अहमियत को भविष्य के लिए एक स्थायी जंगली परिदृश्य बनाने के लिए महसूस किया जाना चाहिए। इन जानवरों के साथ मानवीय संबंधों का गहरा इतिहास उनके भविष्य के प्रबंधन के लिए प्रेरणा प्रदान कर सकता है। मेरे जैसे पुरातत्वविद् इस ज्ञान को धारण करते हैं और अतीत की कहानियों और कौशल को साझा करके हम आज के लोगों को पिछली पीढ़ियों से जोड़ सकते हैं।

**(जैकी मुलविले, जैव पुरातत्व में प्रोफेसर पुरातत्व और संरक्षण प्रमुख, कार्डिफ विश्वविद्यालय)**

# उपराष्ट्रपति, राज्यपाल पद के लिए सहिष्णुता का मुखौटा लगाते हैं मुसलमान : केंद्रीय मंत्री बघेल




**नयी दिल्ली, (भाषा)** केंद्रीय मंत्री सत्यपाल सिंह बघेल ने एक विवादास्पद बयान देते हुए दावा किया कि "सहिष्णु मुसलमानों को उंगलियों पर गिना जा सकता है" और यह भी "मुखौटा लगाकर सार्वजनिक जीवन जीने का एक हथकंडा है" क्योंकि यह रास्ता उपराष्ट्रपति, राज्यपाल या कुलपति जैसे पदों तक पहुंचाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि समुदाय के ऐसे "तथाकथित बुद्धिजीवियों" का वास्तविक चेहरा उनके कार्यालय में अपना कार्यकाल पूरा करने या सेवानिवृत्त होने के बाद सामने आता है। केंद्रीय विधि और न्याय राज्यमंत्री ने यह टिप्पणी सोमवार को देव ऋषि नारद पत्रकार सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मीडिया इकाई इंद्रप्रस्थ विश्व संवाद केंद्र द्वारा पत्रकारों को पुरस्कार प्रदान करने के लिये किया गया था। बघेल ने कहा, "सहिष्णु मुसलमानों की गिनती उंगलियों पर की जा सकती है। मेरे विचार से उनकी संख्या हजारों में भी नहीं है। और यह भी मुखौटा लगाकर सार्वजनिक जीवन जीने का हथकंडा है क्योंकि यह मार्ग उपराष्ट्रपति, राज्यपाल या कुलपति के घर की ओर जाता है।" उन्होंने कहा, "लेकिन जब वे सेवानिवृत्त होते हैं, तब असली बयान देते हैं। जब कुर्सी छोड़ते हैं, तब वो एक बयान देते हैं जो उनकी वास्तविकता दर्शाता है।"

केंद्रीय मंत्री की यह टिप्पणी सूचना आयुक्त उदय माहुरकर द्वारा कार्यक्रम में दिए गए भाषण के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत को इस्लामी कट्टरवाद से लड़ना चाहिए, लेकिन "सहिष्णु मुसलमानों को साथ लेना चाहिए"। अपने शासन के दौरान मुगल बादशाह अकबर के हिंदू–मुस्लिम एकता को बढ़ावा देने के प्रयासों का जिक्र करते हुए, माहुरकर ने दावा किया कि छत्रपति शिवाजी ने उन्हें "सकारात्मक रोशनी" में देखा था। उन्होंने कहा, "अकबर ने हिंदू–मुस्लिम एकता हासिल करने की पूरी कोशिश की"। बघेल ने हालांकि टिप्पणी को खारिज करते हुए अकबर के प्रयासों को महज "रणनीति" करार दिया और आरोप लगाया कि मुगल बादशाह की जोधा बाई से शादी उनकी "राजनीतिक रणनीति" का हिस्सा थी। उन्होंने कहा, "यह उनका दिल से उठाया गया कदम नहीं था। नहीं तो चित्तौड़गढ़ का नरसंहार न होता। मुगल काल को देखिए...औरंगजेब के कृत्य। कई बार मैं हैरान हो जाता हूं कि हम जिंदा कैसे रहे।" बघेल ने कहा कि भारत के बुरे दिन 1192 ईस्वी में शुरू हुए जब मुहम्मद गौरी ने राजपूत राजा पृथ्वीराज चौहान को हराया था। बघेल ने धर्मांतरण का मुद्दा भी उठाया और आरोप लगाया कि जिन लोगों को "गंडे–ताबीज" के माध्यम से दूसरे धर्म में परिवर्तित किया गया है, उनकी संख्या तलवार के डर से ऐसा करने वालों की तुलना में अधिक है। उन्होंने कहा, "वह चाहे ख्वाजा गरीब नवाज साहेब हों, हजरत निजामुद्दीन औलिया या सलीम चिश्ती...आज भी हमारे समुदाय के लोग बड़ी संख्या में वहां बच्चे, नौकरी, टिकट (चुनाव लड़ने के लिए), मंत्री पद, राज्य मंत्री से कैबिनेट मंत्री बनने के लिए जाते हैं।" मंत्री ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को लगता है कि चूंकि वे इतने लंबे समय तक 'शासक' रहे, तो वे 'प्रजा' कैसे बन सकते हैं। बघेल ने कहा, "समस्या का समाधान अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने में निहित है। इससे एक दिन समस्या का कुछ समाधान मिल सकता है।" उन्होंने कहा, "अगर वे मदरसे में पढ़ेंगे तो वे ऊर्दू, अरबी और फारसी पढ़ेंगे। सभी साहित्य अच्छे हैं लेकिन ऐसी पढ़ाई से वे पेश–इमाम बनेंगे। और अगर वे भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान पढ़ेंगे तो वे अब्दुल कलाम बनेंगे।"


## चीन ने कनाडा की कार्रवाई के जवाब में उसके राजनयिक को निष्कासित किया



**बीजिंग, (एपी)** कनाडा के एक सांसद और उसके परिवार को कथित रूप से धमकाने के मामले में वहां चीनी दूतावास के एक अधिकारी को देश छोड़कर जाने के आदेश के जवाब में चीन ने एक कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करने की घोषणा की है। चीन के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि वह कनाडा के ''विवेकहीन कदम'' का कड़ा विरोध करता है और उसके जवाब में चीन समान कार्रवाई कर रहा है। उसने कहा कि शंघाई में पदस्थ कनाडाई राजनयिक लिन लालोंदे को 13 मई तक देश छोड़ने को कहा गया है। यह भी कहा गया है कि ''चीन जवाब में आगे और कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है''। बीजिंग में कनाडा के दूतावास की इस आदेश पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है। इससे पहले कनाडा ने मंगलवार को कहा था कि प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार एक चीनी राजनयिक को निष्कासित कर रही है जिन पर कनाडा की जासूसी एजेंसी ने एक विपक्षी सांसद और हांगकांग में उनके परिवार के सदस्यों को धमकाने की साजिश में शामिल रहने का आरोप लगाया है। चीन ने 1997 में पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश को अपने अधिकार में ले लिया था, और हाल के वर्षों में उसके लोकतांत्रिक संस्थानों और स्वतंत्र प्रेस को खत्म करके 50 वर्षों तक अद्वितीय राजनीतिक और नागरिक अधिकारों को बनाए रखने के एक समझौते को ढंग से तोड़ दिया गया है। चीन नियमित रूप से चीनी मूल के लोगों की, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समूहों की आलोचनाओं का मुंह बंद करने के मकसद से उनके परिवार के सदस्यों को धमकाता है। कनाडा में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि टोरंटो में पदस्थ राजनयिक झाओ वी के पास देश छोड़ने के लिए पांच दिन हैं। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि क्या झाओ अभी कनाडा में ही हैं। कनाडाई विदेश मंत्री मेलानी जॉली ने एक बयान में कहा था कि कनाडा ने झाओ को 'अवांछित व्यक्ति' करार दिया है और कहा है कि कनाडा अपने आंतरिक मामलों में किसी तरह के विदेशी हस्तक्षेप को सहन नहीं करेगा।

उन्होंने कहा, ''कनाडा में राजनयिकों को चेतावनी दी गयी है कि यदि वे इस तरह का व्यवहार करते रहे तो उन्हें घर भेज दिया जाएगा।'' कनाडा की खुफिया सेवा ने संकेत दिया था कि 2021 में विपक्षी कंजरवेटिव सांसद माइकल चोंग और हांगकांग में रहने वाले उनके रिश्तेदारों को उस समय निशाना बनाया गया जब चोंग ने चीन के मानवाधिकार रिकॉर्ड की निंदा की थी। कनाडाई जासूसी एजेंसी ने ब्योरा सार्वजनिक नहीं किया है। चोंग चीन के शिनझियांग प्रांत में मुस्लिम उइघर समुदाय के सदस्यों के साथ बीजिंग के बर्ताव के आलोचक रहे हैं। चोंग ने कहा कि झाओ का निष्कासन कई साल पहले हो जाना चाहिए था। ओटावा में चीनी दूतावास ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा, ''चीन अन्य देशों के आंतरिम मामलों में कभी हस्तक्षेप नहीं करता।''

## श्रीलंका के प्रमुख तमिल राजनीतिक दल के प्रतिनिधि राष्ट्रपति विक्रमसिंघे से मुलाकात करेंगे



**कोलंबो, (भाषा)** श्रीलंका के प्रमुख तमिल राजनीतिक दल के प्रतिनिधि मंगलवार को यहां राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात करेंगे और अल्पसंख्यक समुदाय के लिए तय समय–सीमा में राजनीतिक स्वायत्तता की पुरानी मांग पर उनसे बातचीत करेंगे। श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों में तमिलों का प्रतिनिधित्व करने वाले दलों के गठबंधन 'तमिल नेशनल अलायंस' (टीएनए) के प्रतिनिधि विक्रमसिंघे से मिलेंगे और अपनी मांगों के शांतिपूर्ण समाधान पर चर्चा करेंगे। टीएनए की एक विज्ञप्ति के अनुसार प्रमुख तमिल दल निर्धारित समय–सीमा में तमिलों के राष्ट्रीय प्रश्न के हल के लिए सरकार के साथ बातचीत में सकारात्मक तरीके से शामिल होने को तैयार है। पार्टी ने इस बात पर जोर दिया कि उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों को भारत–श्रीलंका समझौते में एक इकाई माना गया है। इसमें कहा गया, ''हम ऐसी कोई चर्चा करने को तैयार नहीं हैं जो इस आधार के विरोधाभासी हो।''

## रूकार्ट ने एसबीआई के साथ गठजोड़ किया, 'सब्जी कूलर' खरीदने के लिए मिलेगा आसानी से कर्ज



**नयी दिल्ली,** कृषि प्रौद्योगिकी फर्म रूकार्ट ने अपने ग्राहकों को उत्पाद खरीदने के लिए आसानी से कर्ज उपलब्ध कराने के लिए एसबीआई के साथ करार किया है। इस करार से ग्राहकों को फलों और सब्जियों को लंबे समय तक ताजा रखने वाले 'सब्जी कूलर' को खरीदने में सुविधा होगी। रूकार्ट के सब्जी कूलर में सिर्फ एक दिन में 20 लीटर पानी की जरूरत होती है। यह फलों, फूलों और सब्जियों को 4–6 दिनों तक अधिक ताजा रखता है। एक सब्जी कूलर की लागत 50,000 रुपये है और इसकी भंडारण क्षमता 100 किलोग्राम है। इसका उपयोग करने के लिए बिजली की जरूरत नहीं है। एसबीआई सोलापुर के सहायक महाप्रबंधक दिनेश कुमार झा ने कहा कि बैंक ने रूकार्ट के साथ करार किया है, जिससे वित्तीय और कृषि क्षेत्र के बीच अंतर कम होगा तथा वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा।

## फिच ने भारत की सॉवरेन रेटिंग को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी–' पर रखा




**नयी दिल्ली, (भाषा)** फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को भारत की सॉवरेन रेटिंग के परिदृश्य को स्थिर बताते हुए कहा कि देश में मजबूत वृद्धि परिदृश्य बना हुआ है। उसने एक बयान में कहा, ''फिच रेटिंग्स ने भारत की दीर्घकालिक विदेशी–मुद्रा जारीकर्ता डिफॉल्ट रेटिंग (आईडीआर) को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी–' पर रखा है।'' फिच रेटिंग्स ने कहा कि सॉवरेन रेटिंग के लिए मजबूत वृद्धि क्षमता एक महत्वपूर्ण कारक है। हालांकि, कमजोर सार्वजनिक वित्त एक चुनौती बना हुआ है। उसने कहा, ''भारत की रेटिंग अन्य समकक्षों की तुलना में मजबूत वृद्धि परिदृश्य और बाहरी वित्तीय लचीलापन दर्शाती है जिसने भारत को पिछले वर्ष में बड़े बाहरी झटकों से पार पाने में मदद की है।'' एजेंसी ने भारत की रेटिंग को ''बीबीबी–'' पर रखा है जो अगस्त 2006 से सबसे कम निवेश ग्रेड रेटिंग है। रेटिंग एजेंसी के अनुमानों से लगता है कि चालू वित्त वर्ष (अप्रैल 2023–मार्च 2024) में छह प्रतिशत वृद्धि के साथ भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाले देशों में से एक होगा। एजेंसी ने 2022–23 में सात प्रतिशत और 2024–25 में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। फिच ने कहा कि भारत को महामारी के चलते मांग में कमी के साथ ही उच्च मुद्रास्फीति, उच्च ब्याज दरों और वैश्विक मांग में गिरावट का सामना करना पड़ रहा है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कॉरपोरेट और बैंकों के बहीखातों में सुधार के बाद निजी क्षेत्र मजबूत निवेश वृद्धि के लिए तैयार दिखाई दे रहा है। इसके अलावा सरकार के बुनियादी ढांचा को बढ़ावा देने से भी वृद्धि संभावनाएं तेज हो गई हैं। इसके बावजूद निम्न श्रम बल भागीदारी और असमान सुधार को देखते हुए जोखिम बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां विभिन्न देशों की सरकारों की उधार चुकाने की क्षमता के आधार पर 'सॉवरेन रेटिंग' तय करती हैं। इसके लिए वह अर्थव्यवस्था, बाजार और राजनीतिक जोखिम को आधार मानती हैं। रेटिंग यह बताती है कि एक देश भविष्य में अपनी देनदारियों को चुका सकेगा या नहीं? आमतौर पर पूरी दुनिया में स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एसएंडपी), फिच और मूडीज इन्वेस्टर्स ही सॉवरेन रेटिंग तय करती हैं।

## मैनकाइंड फार्मा के शेयरों ने पहले दिन 20 फीसदी बढ़त के साथ शुरुआत की

**नयी दिल्ली, (भाषा)** मैनकाइंड फार्मा के शेयरों ने मंगलवार को शेयर बाजारों में पहले दिन अच्छी शुरुआत की। कंपनी के शेयर 1,080 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 20 प्रतिशत से अधिक प्रीमियम के साथ सूचीबद्ध हुए। मैनकाइंड फार्मा के शेयर बीएसई पर 20.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,300 रुपये पर सूचीबद्ध हुए। बाद के कारोबार में शेयर 24.53 प्रतिशत बढ़कर 1,366 रुपये के स्तर पर पहुंच गए। कंपनी के शेयरों ने एनएसई पर 1,300 रुपये के साथ शुरुआत की। मैनकाइंड फार्मा के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को 15.32 गुना अभिदान मिला था।

## आने वाले दिनों में आपके ट्विटर फॉलोअर्स की घट सकती है तादाद, एलन मस्क ने बताई वजह




**न्यूयॉर्क।** आने वाले दिनों में आपके ट्विटर फॉलोअर्स की संख्या गिर सकती है। एलन मस्क ने खुद ट्वीट कर ये जानकारी दी है। एलन मस्क के मुताबिक ट्विटर पर लाखों की तादाद में निष्क्रिय अकाउंट हैं। इन निष्क्रिय अकाउंट्स को अब ट्विटर बंद करने जा रहा है। ट्विटर के सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि इन अकाउंट्स से कभी न तो पोस्ट हो रहा है और न रीट्वीट ही होते हैं। एलन मस्क ने लिखा है कि अपने अकाउंट्स का उपयोग न करने वाले ट्विटर यूजर्स को हटाया जाएगा। इससे बहुत जल्द आप अपने फॉलोअर्स की संख्या में गिरावट देख सकते हैं। ट्विटर की नीति है कि यूजर को अपने अकाउंट को बंद होने से बचाने के लिए हर महीने कम से कम एक बार लॉगइन करना जरूरी है। एलन मस्क ने इससे पहले मई की शुरुआत में ही नेशनल पब्लिक रेडियो के 52 ट्विटर अकाउंट्स को किसी और कंपनी को देने की बात कही थी। इन सभी अकाउंट्स से ट्विटर पर कोई भी गतिविधि लंबे समय से नहीं हो रही थी। इससे पहले ट्विटर ने अप्रैल 2023 में कई हस्तियों, पत्रकारों और नेताओं के अकाउंट्स से मुफ्त वाला ब्लूटिक हटा दिया था। कंपनी ने ब्लूटिक हासिल करने के लिए अब पैसे लेने शुरू कर दिए हैं। एलन मस्क ने जबसे ट्विटर खरीदा है, तभी से वो इस माइक्रोब्लॉगिंग साइट के बारे में आए दिन नए फैसले लेते रहते हैं। पहले उन्होंने ट्विटर से तमाम कर्मचारियों को निकाल दिया था। इस पर खूब हायतौबा मची थी। एलन मस्क ने ट्विटर की नीली चिड़िया को हटाकर कुत्ता भी लगा दिया था। इसकी भी खूब चर्चा हुई थी। पेड ब्लूटिक सर्विस लागू होने के बाद तमाम ऐसे लोग भी सामने आए, जिन्होंने इसका विरोध किया और ब्लूटिक न लेने की बात कही। अब अकाउंट्स को बंद किए जाने के फैसले के बाद जब फॉलोअर्स की तादाद घटेगी, तब भी एलन मस्क के फैसले पर हायतौबा मचने के आसार हैं।

## रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए संबंधों को नयी गति प्रदान करेंगे भारत और इजराइलः कोहेन

